माघ शुक्ल पक्ष नवमी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 222 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
06 फरवरी 2025 गुरुवार

आज का मौसम
30 अधिकतम
14 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

# दिल्ली में मतदान के बाद हार-जीत की पतंगबाजी की पोल 8 को ही खुलेगी



## पहले केजरीवाल के साथ, अब सिक्ससी मॉडल मोदी-शाह के साथ

चुनावी सर्वे में नतीजों में लगातार फजीहत झेलने के बाद खबरिया चैनलों ने सर्वे के लिए कुछ नामचीन कंपनियों से करार करने से तौबा कर ली है। पहले जिस चैनल के नतीजे सटीक बैठते थे वह जीत का सेहरा अपने सिर बांधकर अपनी ही पीठ खुद थपथपाती थी। लेकिन दिल्ली के विधानसभा चुनावों में चैनलों ने कुकुरमुत्तों की तरह ऊगी सर्वे एजेंसियों के एक्जिट पोल के नतीजों को दिखाकर नया चलन शूरू कर दिया जिसे नाम दिया या है पोल ऑफ द पोल्स। इन सर्वे एजेंसियों को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। मसलन उनको यह काम ब खबरिया चैनलों ने नहीं सौंपा तो किनके कहने पर उन्होंने यह सर्वे किए? यानि इस काम के लिए उन्हें धन किसने मुहैया कराया? सर्वे के काम में न सिर्फ मेहनत लगत है बल्कि काफी पैसा भी लगता है। जिन तथाकथित एजेंसियों ने पोल कराएं हैं उनके किसी भी जिम्मेदार ने नहीं बताया कि उनके एक्जिट पोल का आधार क्या है। क्या तरीका अपनाया गया? मतदान के पूरा होने के पहले ही उन्होंने सेंपलिंग कैसे की? किन पोलिंग बूथ पर की? चुनाव आयोग ने मतदान का वक्त छह बजे तक का रखा था। लेकिन सबको पता है कि छह बजे के पहले जो भी मतदान की लाइन में लगते हैं उनकी वोटिंग करना पड़ती है। दिल्ली के कई पोलिंग बूथ पर सात बजे तक वोटिंग चलती रही। मतदान के आंकड़े आने में तो और भी वक्त लगता है। फिर सर्वे एजेंसियों के निष्कर्षों को दिखाने की होड़ कैसे लग गई। जब चुनाव कराने वाली एजेंसियों के भारी भरकम अमले को भी मतदान के पूरे आंकड़े जुटाने में काफी वक्त लगता है तो इन तथाकथित एजेंसियों ने यह काम मिनटों में कैसे कर डाला। इन नई नवेली दस एजेंसियों में से दो यानी माइंड ब्रिंक्स और वीप्रासाईड ने भाजपा को सत्तर में से 18 से 25 सीटों के बीच सिमटाकर उस आप पार्टी को साफ बहुमत दिला दिया जिसके मुखिया यानि अरविंद केजरीवाल खिलाफ जन आक्रोश साफ झलक रहा था। बाकी जिन आठ एजेंसियों यानी चाणक्य स्ट्रेटजीस, मेट्रिज,जेवीसी,पीमार्क, पीपुल्स इनसाइट, पीपुल्स पल्स, पोल डायरी और पोल डायरी ने भाजपा को बहुमत मिलने का दावा किया है। लेकिन इनमें से पी मार्क जेवीसी ने आप को कम से कम 21 और 22 सीटें और अधिकतम 31 सीटें दी है। पीपुल्स पल्स ने आप को 10 से 19 का दावा किया है। जबकि भाजपा की जीत का अनुमान जताने वाली बाकी एजेंसियों ने 25 से 37 सीटों का दावा किया है। लेकिन किसी भी एजेंसी ने कांग्रेस की ताकत का आकलन ही नहीं किया जो 2008 के बाद पहली बार पूरी ताकत और दमदार उम्मीदवारों के साथ मैदान में थी।



प्रसंगवश
राजेश सिरोठिया

पत्रकारिता के साथ कम्युनिकेशन के विद्यार्थी के नाते मैंने भी मप्र में 2003 से लेकर 2023 तक चुनावी सर्वे किया हैं और उसके नतीजे भी सटीक बैठे हैं। जहां तक सर्वे मैथेडोलॉजी का सवाल है तो मैं यह कह सकता हूं कि यदि सर्वे में सेंपलिंग के दौरान एक फीसदी की गलती हो जाए तो अंतिम निष्कर्ष में उसका आंकड़ा 25 फीसदी तक का हो जाता है। 2013 के अपवाद को छोड़कर देखा जाए तो दिल्ली की जनता ने दशकों के विधानसभा चुनावों में चाहे भाजपा हो या कांग्रेस साफ बहुमत दिया है। 2013 में कांग्रेस ने उस आप को समर्थन दे डाला जो अण्णा आंदोलन के बाद कांग्रेस को पानी पी-पीकर कोस रही था। 40 दिनों बाद ही कांग्रेस ने अपनी पुरानी नीतियों के मुताबिक हाथ खींच लिए। 2014 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की बंपर जीतने के बद विधानसभा में भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस ने अपने वोट आप को शिफ्ट कराके सेल्फ गोल कर डाला। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी कांग्रेस अध्यक्ष पद छोड़कर रणछोरदास बने तो केजरीवाल को और भी खुला मैदान मिल गया। लेकिन जब इस बार कांग्रेस गंभीर दिखी तो सर्वे एजेंसियों ने उसकी अनदेखी कर दी। जहां तक मेरी चुनावी समझ है किसी भी पार्टी को मतदाता को अपने पक्ष में झुकाने के लिए 'सिक्स सी' मॉडल पर काम करना जरूरी होता है। ये हैं कांटेक्ट , कनेक्ट, कम्युनिकेट, कन्विंस, क्रेडिबिलिटी और क्रेडेंशियल। यानि मतदाता से पहले संपर्क करो। फिर उससे जुड़ने की कोशिश करो। इसके लिए उससे संवाद करो। संवाद ऐसा हो जिससे उसका नेता या उसके दल के प्रति भरोसा पैदा हो जाए। जब भरोसा होगा तभी नेता या उसके दल की साख बनेगी। तभी वह आपको वोट देगा। बीते दो चुनावों में दिल्ली में कांग्रेस के आत्मघात के अलावा यह सभी छह फैक्टर केजरीवाल के साथ थे जिसके बूते उसने बंपर जीत हासिल की। जहां तक इस चुनाव का सवाल है तो इस बार भी आप के जाए केजरीवाल केंद्रित चुनाव था। लेकिन केजरीवाल और उनकी पार्टी के साथ 'सिक्स सी' मॉडल कांटेक्ट और कनेक्ट वाला फैक्टर बेशक था। लेकिन कम्युनिकेशन वाला फैक्टर गलत था जिससे वह मतदाता को कंविंस वाला फेक्टर गायब था। जिसके चलते न तो वो जनता के बीच भरोसा कायम कर सके और न अपनी और आम आदमी पार्टी की साख को कायम कर सके। उन्हें जो भी वोट मिल सके हैं जो दिल्ली के समझदार मतदाताओं के बीच मिस्टर रेवड़ीलाल के झांसे के कारण मिले हैं या फिर उन मुस्लिम मतदाताओं के जो केवल उसी पार्टी को भरपूर वोट देते हैं जो भाजपा को हराने का माद्दा रखते हें। रेवड़ियों के वादों में कांग्रेस और भाजपा भी पीछे नहीं थी। लेकिन केजरी पर भरोसा नहीं है तो कांग्रेस के बहुमत पाने को लेकर लोगों में शक हैं। मध्यप्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़, राजस्थान और उड़ीसा में भाजपा ने रेवड़ियों के वादों को निभाया है। मोदी-शाह के साथ 'सिक्स सी' मॉडल भी उनके साथ है। भाजपा के प्रति भरोसा और उसके साथ साख भी जिसके चलते इस बार उसके न सिर्फ अवसर बेहतर हैं बल्कि कुकरमुत्ती सर्वे एजेंसियों के निष्कर्षो से ज्यादा सीटों की उम्मीद भी है। बाकी खबरिया चैनलों पर चल रही कबूतरबाजी और बेवजह के तोते उड़ाने का कोई मतलब नहीं है। इन सभी दावों की पोल आठ फरवरी को मतगणना के बाद खुल ही जाएगी।

## कभी रेड कभी ग्रीन जोन, गफलत में निवेशक

**मुंबई।** शेयर बाजार में सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन आज बाजार की अजब चाल देखी जा रही है। कारोबार ग्रीन जोन में शुरु हुआ लेकिन दोनों इंडेक्स की चाल निवेशकों को हैरान करती रही। सेंसेक्स 242 अंक से ज्यादा चढ़कर ओपन हुआ, तो वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी बढ़त के साथ खुला। फिर कुछ ही मिनटों के कारोबार में ये रेड जोन में ट्रेड करते नजर आने लगे। कल भी पूरे दिन शेयर बाजार में बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला था और अंत में दोनों इंडेक्स लाल निशान पर बंद हुए थे। आज भी शुरूआत के बाद सेंसेक्स करीब 100 अंक गिर गया।

## हसीना के आवास व रिश्तेदारों के घर में आग लगाई

**ढाका।** बांग्लादेश में अवामी लीग के प्रस्तावित देशव्यापी विरोध प्रदर्शन से पहले कई शहरों में देर रात फिर हिंसा भड़क गई। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान 'बंगबंधु' के ढाका स्थित धनमंडी-32 आवास पर धावा बोला और तोड़फोड़ की। उधर, खुलना में शेख हसीना के चचेरे भाई शेख सोहेल, शेख जेवेल के घरों को दो बुलडोजरों से ध्वस्त कर दिया गया है। हिंसा सोशल मीडिया पर 'बुलडोजर जुलूस' के ऐलान के बाद हुई। जब हमला हुआ, तब वहां सुरक्षाबल भी मौजूद थे। भीड़ को वहां से जाने के लिए समझाने की कोशिश की, लेकिन कोशिशें नाकाम रहीं।

## रायपुर की सड़कों पर रशियन युवती ने किया हंगामा

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ की राजधानी के वीआईपी रोड पर आधी रात को बड़ा सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी, जिसके तीनों गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा तेलीबांधा क्षेत्र का है। कार सवार रशियन युवती ने घटना के बाद जमकर हंगामा किया। बताया जाता है कि तेज रफ्तार कार में एक युवक और एक रशियन युवती सवार थे, जो दोनों नशे में धुत थे। कार ने एक्टिवा सवार तीन युवकों को टक्कर मारी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान नहीं हो पाई।

### स्थगित रही कार्यवाही, कांग्रेस की तरफ से स्थगन चर्चा का नोटिस

# बेवतन भारतीयों के अमेरिका से डिर्पोटेशन पर संसद में हुआ हंगामा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

संसद के बजट सत्र में आज अमेरिका से भारतीयों के डिपोर्टेशन मुद्दे पर खासा हंगामा हुआ। लोकसभा में कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने अमेरिका से भारतीय नागरिकों के डिपोर्टेशन पर चर्चा के लिए स्थगन नोटिस भी दिया। नोटिस में टैगोर ने कहा कि, 100 से ज्यादा भारतीयों को अमेरिका से बाहर निकालने पर पूरा देश हैरान है। यह मानवाधिकारों का उल्लंघन है। सरकार इस पर चुप क्यों है। भारत ने इस अमानवीय व्यवहार की निंदा क्यों नहीं की। दोनों सदनों की कार्रवाई भी कुछ देर स्थगित रही। संसद का बजट सत्र शुक्रवार से चल रहा है। सत्र का पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक और दूसरा सत्र 10 मार्च से 14 अप्रैल तक होगा। इस सत्र में 16 बिल आ सकते हैं। जिसमें से 12 बिल 2024 के मानसून और विंटर सेशन में लाए गए थे। कल दिल्ली विधानसभा चुनाव की वोटिंग के कारण सदन की कार्यवाही स्थगित रही थी।



### डिपोर्टेशन नई बात नहीं

इधर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा है कि यह पहली बार नहीं है जब भारतीयों को अमेरिका से निकाला गया है। उन्होंने कहा, ऽयह मुद्दा इसलिए गरमाया क्योंकि ट्रंप ने अपेक्षा से पहले ही कार्रवाई कर दी। लेकिन बाइडेन प्रशासन के दौरान भी 1100 से अधिक भारतीयों को वापस भेजा गया था। हालांकि, थरूर ने अमेरिका की कार्रवाई के तरीके पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारतीयों को जबरन मिलिट्री प्लेन में भेजने और हथकड़ी पहनाने की जरूरत नहीं थी। थरूर ने कहा कि अवैध ढंग से रह रहे भारतीयों को कमर्शियल फ्लाइट से वापस भेजा जा सकता था।

## 'चुनाव आयोग को सफेद कपड़ा भेंट करना होगा'

**नईदिल्ली, एजेंसी**

उप्र के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने विवादित बयान दिया है। भाजपा इसी तरीके से चुनाव लड़ती है। चुनाव आयोग मर गया है। हमें उन्हें सफेद कपड़ा भेंट करना होगा। इससे पहले अखिलेश ने भाजपा और स्थानीय प्रशासन पर तीखा हमला किया था। यादव ने भाजपा पर लोक तांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने व अयोध्या में मिल्कीपुर विस उपचुनाव में धांधली करने का आरोप लगाया था। उन्होंने निर्वाचन आयोग से कार्रवाई की भी मांग की थी। अखिलेश ने दावा किया कि पुलिस-प्रशासन का रवैया अलोकतांत्रिक रहा। दर्जनों बूथों पर समाजवादी पार्टी के बूथ एजेंटों को डराया-धमकाया गया।



## कमलापति स्टेशन अब आचार्य विद्यासागर के नाम करने की मांग

### स्मृति दिवस का आयोजन, स्मरण स्थल बनाने की घोषणा

**भोपाल।** विधानसभा परिसर में आचार्य विद्यासागर महाराज के स्मृति दिवस आयोजन के मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव भी पहुंचे और मंच पर बैठे आचार्य प्रमाणसागर का पाद प्रक्षालन (पैर धोए) किया। कार्यक्रम में आचार्य विद्यासागर महाराज के जीवन पर आधारित 25 किताबों का विमोचन किया गया। जैन समाज के अध्यक्ष ने भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन का नाम आचार्य विद्यासागर के नाम पर करने की मांग की है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और सांसद आलोक शर्मा भी मौजूद रहे। विस परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सीएम यादव ने कहा, आचार्य विद्यासागर महाराज के भीतर मानव सेवा का भाव रहा है उसके चलते वे जीते जी देवता के रूप में हम सब के बीच विद्यमान हो गए थे। यादव ने गोमाता का जिक्र करते हुए कहा कि गोमाता के माध्यम से पूरी प्रकृति बदल सकती है। हम सबके जीवन में पूरा बदलाव आ सकता है।

**आचार्य के स्मरण के लिए बनेगा स्थान:** सीएम यादव ने कहा, महाराज जी के स्मरण के लिए भोपाल में एक अच्छा स्थान बनाएंगे। आज आचार्य श्री की पुण्यतिथि है। आज मुझे वो पुराना दृश्य आंखों के सामने दिखाई दे रहा है जब महाराज श्री यहां (विधानसभा) स्वयं पधारे थे। अलौकिक व्यक्तित्व थे। उस वक्त ऐसा लग रहा था कि देवता हमारे बीच पधारे हैं।



## छेड़छाड़ के आरोप में प्राचार्य गिरफ्तार

**सतना, एजेंसी**

मध्यप्रदेश के सतना जिले की सिंहपुर थाना पुलिस ने एक नाबालिग स्कूली छात्रा की शिकायत पर निजी स्कूल के प्राचार्य को गिर तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सिंहपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत संचालित निजी स्कूल के प्राचार्य को कल गिर तार कर जेल भेज दिया गया। बताया गया कि आरोपी प्राचार्य स्कूली छात्रा के साथ अश्लील किया करता था। परेशान छात्रा ने चार जनवरी को आरोपी के खिलाफ थाने मे शिकायत दर्ज करायी थी।

**मेट्रो एंकर**

### पंजाब हरियाणा में बड़े पैमाने पर होता है इस तरह का 'कारोबार'

# कभी ग्रीस कभी दुबई, अमेरिका में घुसने के कई डंकी रूट!

**नईदिल्ली, एजेंसी**

यूं तो भारत से अमेरिका की दूरी लगभग 13,500 किलोमीटर है। हवाई यात्रा से वहां जाने में करीब बीस घंटे लगते हैं।जबकि 'डंकी रूट' से यही दूरी 15 हजार किमी तक हो जाती है और इसे तय करने में महीनों का समय लग जाता है। माना जाता है कि अमेरिका में इस तरह से अवैध प्रवेश कराने की असल जड़ें जालंधर में मौजूद हैं, जहां के एजेंटों ने ही पंजाब और हरियाणा के हजारों युवाओं को 50-50 लाख रुपये लेकर अमेरिका पहुंचाया था। यह मामला अमेरिका से भेजे गए अवैध अप्रवासी भारतीयों के बाद फिर चर्चा में है। भारतीयों को ट्रंप सरकार ने हथकडी और पैरों मे बेड़ियां डालकर भेजा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अरबों-खरबों रुपये के इस माफिया के कारोबार को जहां राजनीतिक हस्तियों की पूरी शह हासिल है वहीं सरकारी और खाकी वालों का भी पूरा समर्थन है। यही वजह है कि अवैध मानव तस्करी के कारोबार ने जालंधर से निकलकर हरियाणा तक में अपनी जड़ें मजबूत कर लीं। वर्ष 05 से लेकर 07 तक ऐसा वक्त था, जिसमें जालंधर के एक नामवर एजेंट ने अवैध रूप से अमेरिका पहुंचाने का नया रास्ता ग्रीस से खोजा। ग्रीस दूतावास के जरिये पंजाब के युवाओं के खूब वीजा लगवाकर उन्हें शैनेगन देशों में भिजवाया गया। वहां से पनामा व मैक्सिको से निकलते हुए अमेरिका में दाखिल कराया गया। कहा जाता है कि यहां की सरकारों व अधिकारियों के गोरखधंधे की भनक नहीं थी लेकिन यहां की सरकार और पुलिस ने कुछ नहीं किया। अलबत्ता अमेरिका की एफबीआई ने ग्रीस दूतावास पर दबिश देकर कई अधिकारियों को काबू किया गया, जो पंजाब के युवाओं से मिलीभगत कर टूरिस्ट वीजा दे रहे थे। तब छापेमारी के बाद यह धंधा कुछ समय के लिए ठंडा पड़ा लेकिन जालंधर के एजेंट्स ने नया रूट खोज लिया और इक्वाडोर, बोलीविया और गुयाना जैसे देश, जहां भारत से वीजा की जरूरत नहीं, वहां से 'डंकी' को कोलंबिया पहुंचाने का क्रम शुरू किया, फिर मैक्सिको और अमेरिका में पहुंचाया गया। खबरों के मुताबिक अब दुबई के रूट का इस्तेमाल किया जा रहा था, जहां का वीजा आसानी से पंजाब के युवाओं को मिल रहा था। गौरतलब है कि दो वर्ष पहले मानव तस्करी के संदेह में एयरबस ए 340 जो दुबई से उड़ान भरकर निकारागुआ जा रही थी तथा 303 भारतीय सवार थे, तब फ्रांस में ईंधन भरवाने के दौरान पुलिस फ्रांस पुलिस ने उड़ान को रोक दिया था। इनमें 11 नाबालिग भी बताए जा रहे थे।



### एक लाख लोगों ने किया 'प्रयास'

ताजा मामलों में अवैध प्रवेश के लिए मेक्सिको, निकारागुआ जैसे मध्य अमेरिकी देशों के रास्तों का इस्तेमाल किया जा रहा था, विशेषकर निकारागुआ अमेरिका में शरण मांगने वालों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य बना हुआ है। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा गश्ती बल (सीबीपी) के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 में 96,917 भारतीयों ने अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने का प्रयास किया।

## प्रयागराज से लौटते वक्त हादसे में मप्र के 2 की मौत



**अशोकनगर।** कानपुर-लखनऊ हाइवे पर अजगैन क्षेत्र में आज सुबह करीब 6.30 बजे सडक हादसे में कुंभ स्नान कर लौट रही श्रद्धालुओं से भरी एक मार्शल जीप आगे चल रही रोडवेज बस से टकरा गई। हादसे में पिता-पुत्री की मौत गई और 10 गंभीर रूप से घायल हैं। चालक को झपकी लगने से हादसे की बात सामने आई है। वाहन में मप्र के ईशागढ़ व शिवपुरी के 12 श्रद्धालु मार्शल जीप पर सवार थे। स्नान के बाद वे वाराणसी काशी विश्वनाथ फिर अयोध्या में रामलला के दर्शन कर चित्रकूट जा रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि दो श्रद्धालु सुरेश तिवारी ईशागढ़ व उनकी बेटी राधा की मौके पर मौत हो गई। पत्नी ओमवती समेत 10 लोग घायल हो गए।

## महाकुंभ भगदड: आयोग ने मांगी जानकारी

**प्रयागराज।** आज महाकुंभ के 25वें दिन भी श्रध्दालुओं का तांता है। अब तक 39.94 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। वहीं मौनी अमावस्या की रात संगम पर मची भगदड़ की जांच कर रहे न्यायिक आयोग ने लोगों से जानकारी मांगी है। लोग अपनी जानकारी और शपथ पत्र 10 दिन के अंदर न्यायिक आयोग के लखनऊ में जनपथ मार्केट स्थित सचिवालय में या ई-मेल और फोन नंबर 0522-2613568 पर दे सकते हैं। वहीं आज संगम में डुबकी लगाने के लिए कई वीवीआईपी पहुंच रहे हैं। इनमें हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, राज्यपाल आरिफ खान, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह आदि शामिल हैं।

# स्मार्ट सिटी एरिया बेस्ड डेवलपमेंट टीटी नगर की करेगी ब्रांडिंग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान स्मार्ट सिटी कंपनी भोपाल एरिया बेस्ड डेवलपमेंट टीटी नगर की ब्रांडिंग करेगी। स्मार्ट सिटी कंपनी को उम्मीद है कि टीटी नगर में मौजूद अलग-अलग आकर के भूखंड पर इंडस्ट्री हब लगाने राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनी इन्वेस्टमेंट कर सकती हैं। स्मार्ट सिटी कंपनी ने टीटी नगर इलाके में लगभग 4 हजार करोड़ कीमत के भूखंड एजुकेशन, हेल्थ, नॉलेज, इलेक्ट्रॉनिक क्लस्टर हब बनाने के लिए तैयार किए हैं।

**संग्रहालय में 200 बैटरी वाहन चलेंगे:** संग्रहालय में एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए आधुनिक इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग किया जाएगा। 200 बैटरी चलित वाहनों को मंगवाया जा रहा है। इसके साथ ही संग्रहालय की दीवारों पर गोंड और भील पेंटिंग बनाई जा रही हैं। इन पेंटिंग्स में जनजातीय सभ्यता और परंपरा को भी जोड़ा जा रहा है। जारी चित्रकारी में प्रकृति, देवी-देवता और लोक कथाओं की झलक देखने को मिल रही है। समिट से संबंधित सभी औपचारिक बैठकें संग्रहालय में होगी। इसके लिए परिसर के सात स्थानों का चयन किया गया है, जहां पर 20 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। निवेशकों से वन टू वन मीटिंग के लिए 25 से अधिक विशेष पंडाल बनाए जाएंगे, वहीं मुख्य सभागार में तीन हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है।

**तैयारियां जोरों पर, ई-वाहनों का इस्तेमाल:** मानव संग्रहालय में ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट होगी। इस समिट में जापान, जर्मनी, अमेरिका और इंग्लैंड समेत करीब 30 देशों के एक हजार से अधिक निवेशक शामिल होंगे। इनके आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। संग्रहालय की सभी इमारतों की रंगा-पिताई की जा रही है। साथ में सभी सड़कों का डामरीकरण किया जा रहा है। प्रदर्शनी की टूट-फूट को ठीक करने का कार्य भी जारी है। 200 एकड़ में फैले इस संग्रहालय के कई मार्ग एकल हैं। ऐसी सभी सड़कों का चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है।

# प्लानिंग के अभाव में रोजाना लग रहा नए शहर की सड़कों पर जाम

## गुलमोहर, त्रिलंगा और रोहित नगर की डेढ़ लाख आबादी हो रही परेशान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर के बावड़ियां ब्रिज से होकर रोहित नगर, शाहपुरा, बाबा नगर चूनाभट्टी, कोलार रोड जाने वाले सीसी फोरलेन सड़क, ऑशिमा मॉल रोड, शाहपुरा थाना चौराहा, रोहित नगर नहर चौराहा, बावड़ियां कलां सहित नए शहर की कई सड़कों पर प्लानिंग के अभाव में रोजाना जाम की हालत बना रहे हैं। बताया जा रहा है कि सुबह 10 से 12 और शाम को 6 से 9 बजे के बीच इस क्षेत्र में वाहनों की संया अधिक गुजरने के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ गई है। ऐसे में यहां से आवाजाही करने वाले हजारों वाहन चालक और यहां की डेढ़ लाख आबादी आए दिन जाम से परेशान हो रहे हैं। वाहन चालकों का कहना है कि यहां के चौराहों पर किसी तरह की योजना नहीं है। ऐसे में पीक ऑवर्स में सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। लोगों की मांग है कि बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए यहां के तिराहे और चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाए, जिससे वाहनों चालकों की आवाजाही आसानी से हो सके। लेकिन अब तक इस संबंध में कोई योजना नहीं बनाई गई है।

लोगों का कहना है कि नर्मदापुरम रोड को रोहित नगर, शाहपुरा, कोलार रोड से जोड़ने वाला बावड़ियां ब्रिज काफी मायने में सुविधाजनक है। लेकिन पीक ऑवर्स में इस रोड के सभी चौराहों पर अकसर जाम के हालात बन रहे हैं। इसे



खत्म करने के लिए काम होना चाहिए। रोहित नगर, गुलमोहर, त्रिलंगा, शाहपुरा थाने और बावड़िया कलां के तीन-चार चौराहों पर प्लानिंग से काम करने की जरुरत है। हमने पीडब्ल्यूडी ब्रिज शाखा के अफसरों के साथ निरीक्षण भी किया है। यहां पर लेट टर्न को क्लीयर करने और सड़क की चौड़ाई बढ़ाने की तैयारी है। इस पर जल्द काम करवाया जाएगा, जिससे आबादी को जाम से राहत मिले।

### वाहन निकालने की होड़ में आए दिन लगता है जाम

बताया जा रहा है कि पहले इस चौराहे से आवाजाही के लिए तीन प्रमुख मार्ग थे। करीब दो साल पहले सीसी फोरलेन सड़क बनने के कारण इस सड़क में आवाजाही बढ़ गई और बावड़ियां ब्रिज से रोहित नगर की तरफ उतरने के दौरान इस सड़क पर आने वाले चार से पांच चौराहों में आवाजाही को लेकर बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है। ऐसे में अब यहां पर चारों तरफ से वाहन आने के कारण जाम के हालात बन रहे हैं। कई बार पुलिस यहां मौके पर मौजूद रहती है, लेकिन लोगों की जल्दबाजी के चक्कर में वाहनों को जल्दी निकलने के कारण में जाम की स्थिति बनती है। यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों का कहना है कि यातायात व्यवस्था बनाने के लिए प्रशासन को यहां पर ट्रैफिक सिग्नल लगाना चाहिए। नए शहर के अंतर्गत आने वाले रोहित नगर, सलैया, बावड़िया कलां, गुलमोहर, शाहपुरा थाना, त्रिलंगा चौराहों पर शाम के वक्त योजना के अभाव में रोजाना जाम लगता है। इससे सभी परेशान हैं।

## सुहावना मौसम...



भोपाल। ठंड कम होने के बाद तापमान में बढ़ोतरी हुई है। शाम के समय का सुहावना नजारा।

## छोटी-बड़ी खबरें

### काटजू अस्पताल में एक साल में 15 % बढ़ी नॉर्मल डिलीवरी

**भोपाल.** डॉ. कैलाशनाथ काटजू जच्चा बच्चा अस्पताल में एक साल में 15 फीसदी नॉर्मल डिलीवरी बढ़ी है। यह अच्छे संकेत हैं। अस्पताल से मिले आंकड़ों के अनुसार साल 2023 में काटजू अस्पताल में कुल 1 हजार 528 प्रसव हुए। इसमें से 52 फीसदी यानी 802 बच्चों का जन्म नॉर्मल डिलीवरी से हुआ। जबकि साल 2024 में आंकड़ों में सुधार आया और कुल 5 हजार 175 में से 67 फीसदी यानी 3 हजार 518 नॉर्मल डिलीवरी हुई। अभी इसे 15 फीसदी तक और घटाने की जरूरत हैं। डब्ल्यूएचओ की गाइडलाइन के मुताबिक ऑपरेशन से प्रसव होने का आंकड़ा 18 फीसदी से अधिक नहीं होना चाहिए। यह जच्चा बच्चा अस्पताल हैं। यहां परिवारों को खुशियां मिलती हैं। हमारा प्रयास है कि यहां किसी मरीज को कोई समस्या ना हो। अस्पताल के हर एक स्टाफ के प्रयास का नतीजा है कि प्रसव के लिए काटजू दंपती की पहली पसंद बन रहा है। अस्पताल में एक नई पहल शुरू की गई है। जिसके तहत मरीजों को सहुलियत पहुंचाने के लिए वार्डों में 7-7 वाशिंग मशीन व प्रेस दी गई हैं। इसके साथ चार माइक्रोवेव भी लगाए गए हैं। जिससे छोटे मोटे काम के लिए परिजनों को परेशान ना होना पड़े। मरीजों को समय से गरम खाना मिल सके। यही नहीं, चादर या अन्य कपड़ा गंदा होने पर तुरंत उसे साफ किया जा सके। यह सभी छोटी छोटी व्यवस्थाएं मिलकर गर्भवती महिलाओं के लिए काटजू अस्पताल को एक बेहतर विकल्प बना रही हैं।

### आईएपीबी यंग सिस्टम लीडर अवार्ड भारती को मिला



**हिरदाराम नगर.** अंधत्व नियंत्रण के क्षेत्र में काम रही इंटर नेशनल एजेन्सी आईएपीबी (इंटरनेशनल अवार्ड फॉर प्रिवेंशन ऑफ ब्लाइंडनेस) के यंग सिस्टम लीडर अवार्ड -2025 की घोषणा कर दी है, वैश्विक स्तरीय इस अवार्ड के लिये भारत से दो सिस्टम थिंकर्स चुने गये हैं । एक सेवासदन नेत्र चिकित्सालय की भारती जनियानी हैं, जबकि अन्य 8 चिन्हित यंग सिस्टम लीडर्स अन्य देश के हैं। ये सिस्टम थिंकर्स काठमाण्डू नेपाल में आईएपीबी के 2030 इन साइट लाइफ कार्यक्रम में इस क्षेत्र के वैश्विक प्रतिनिधियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। इसके पहले चयनित सिस्टम थिंकर्स को काठमाण्डु में 29 अप्रैल से 01 मई तक आईएपीबी के 2030 इनसाइट कार्यक्रम के अन्तर्गत अंधत्व नियंत्रण के क्षेत्र में अपने नवाचारों, परिचर्चाओं और वैश्विक लीडर्स के साथ विचार विमर्श करेंगे ताकि उनके विचारों को कार्यक्रम में शामिल किया जा सके।

# शिव संकीर्तन करेगा, भोले का दरबार

## शिवकथा वाचक मुकेश का सत्संग भी होगा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

पूर्ण ज्योति सेवा संस्था के तत्वाधान में भोले के दरबार द्वारा घर-घर में शिव नाम का संकीर्तन धुनी लगाई जाएगी। शिव संकीर्तन के बाद शिव महापुराण कथा वाचक मुकेश जी के प्रवचन होंगेत्र समस्याओं के समाधान के लिए दरबार लगेगा।



मुकेशजी ने बताया कि संकीर्तन सेवा निश्शुल्क होगी। जिस किसी को भी अपने घर में शिव नाम संकीर्तन करवाना हो वह भोले के दरबार में संपर्क करके इस सेवा का लाभ ले सकते हैं। घर-घर संकीर्तन की शुरूआत के लिए भोले के दरबार में बैठक हुई, जिसमें से दरबार के सेवाधारी हीरो इसरानी, महेश खटवानी, नानक ददलानी, माधव घनश्यानी, प्रवीण होतवानी, अशोक तनवानी, प्रभु दास मूलचंदानी, साहित्यकार राकेश तुलसानी राजू रामानी प्रकाश मीणा शमी गंगवानी पूर्व पार्षद संध्या प्रधान, सिंधी महिला पंचायत अध्यक्ष किरण वाधवानी, भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष भारती मूलचंदानी, सीमा लालवानी, ज्योति पवार, भारती गुप्ता, आभा शर्मा, भावना उदासी, सुषमा कटेजा उपस्थित रहे।

# बीयू ने प्लेसमेंट को बढ़ाने के लिए नेशनल विवि से मांगा सहयोग

## 25 %को ही कैंपस प्लेसमेंट, अब तक सर्वाधिक 10 लाख का पैकेज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बीयू ने अपने छात्रों के प्लेसमेंट प्रतिशत को बढ़ाने के लिए एक नया कदम उठाया है। वर्तमान में विश्वविद्यालय के केवल 25 प्रतिशत छात्रों को ही कैंपस सिलेक्शन प्राप्त होता है, जिसे बढ़ाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय ने प्रदेश के प्रमुख नेशनल विश्वविद्यालयों से सहयोग की अपील की है। इसके अलावा विदेशी फैकल्टी के मार्गदर्शन से छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर दिलाने की योजना बनाई गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि उद्योग और शिक्षा के बीच बेहतर तालमेल के लिए ये प्रयास आवश्यक है। विभिन्न बड़ी कंपनियों की नौकरी की मांग को देखते हुए बीयू ने प्लेसमेंट प्रक्रिया को सशक्त बनाने के लिए रणनीतियां बनाई हैं। इसके तहत नेशनल विश्वविद्यालयों से सहयोग प्राप्त कर उन्नत ट्रेनिंग प्रोग्राम और इंडस्ट्री एक्सपोजर के अवसरों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा। बीयू के एमबीए और यूआइटी विभागों में प्लेसमेंट की स्थिति अन्य विभागों की तुलना में बेहतर है। यहां प्लेसमेंट प्रतिशत 50 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। विश्व विद्यालय प्रशासन प्लेसमेंट प्रतिशत बढ़ाने के लिए नए सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने की योजना बना रहा है और कुछ इंडस्ट्रीज से टाई-अप भी किया गया है। सत्र 2023-2024 के प्लेसमेंट आंकड़ों के अनुसार कुल 34 छात्रों को टॉप कंपनियों में नौकरी मिली है। बीयू ने प्लेसमेंट बढ़ाने के लिए नई रणनीतियां अपनाई हैं, जिनमें नेशनल विश्वविद्यालयों से सहयोग, विदेशी फैकल्टी का मार्गदर्शन, इंडस्ट्री टाई-अप और नए सर्टिफिकेट कोर्स प्रमुख हैं। बीयू प्रशासन के इन प्रयासों से आने वाले वर्षों में प्लेसमेंट दर में और वृद्धि होने की संभावना है।

## समाजसेवी नारी पोहानी, केवलरामानी का सम्मान

# 'विद्यालय की गरिमा छात्रों की उपस्थिति से'

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल में अमेरिका से आए सीएचआई-यूएसए संस्थान के समाजसेवी दादा नारी पोहानी एवं विजय केवलरामानी का एक समारोह में स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में अतिथियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक स्वरूप पौधारोपण किया गया। दादा नारी पोहानी ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की गरिमा, गौरव एवं उल्लासमय वातावरण विद्यार्थियों की उपस्थिति के बिना अधूरा है। वहीं, छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने एवं ऊँची उड़ान भरने की प्रेरणा दी। विजय केवलरामानी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय की प्राचार्या प्रिया जैन शर्मा ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ छात्राओं की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने अतिथियों द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं शैक्षिक सेवा कार्यों तथा बालिका शिक्षा में उनके योगदान के विषय में सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस विशेष अवसर पर शहीद हेमू कालानी शैक्षणिक संस्थान के सदस्य हीरो ज्ञानचंदानी, एल.सी. जनयानी, संस्था के सचिव घनश्याम



बूलचंदानी, और सह-सचिव के. एल. रामनानी, संस्था के अकादमिक निदेशक गोपाल गिरधानी, को-ऑर्डिनेटर लता आसनानी समेत समस्त विद्यालय परिवार एवं छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत किया।

## अजीत डेटानी वॉलीबॉल टूर्नामेंट जवाहरलाल कॉलेज ने जीता

# 'आब खेल को पहले पन्नों पर जगह'

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय में तीन दिवसीय श्री अजीत डेटानी स्मृति में संभाग स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ, फाइनल मुकाबला जवाहरलाल नेहरू कॉलेज भोपाल एवं एमपी पुलिस भोपाल के बीच खेला गया, जिसमें जवाहरलाल नेहरू कॉलेज भोपाल विजयी रही । मुख्य अतिथि भगवानदास सबनानी, विधायक ने फाइनल मुकाबले की शुरूआत की। सबनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का कोई अवसर नहीं चुकते। यही वजह है आज खेल अखबारों के पहले पन्नों पर जगह पा रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने स्वागत भाषण दिया। महाविद्यालय एज्युकेश्नल सोसायटी के महासचिव राजेन्द्र मनवानी ने कहा कि विद्यार्थी के लिए महाविद्यालय निरंतर खेल गतिविधियों से छात्रहित के सर्वागीण विकास में सहयोग कर रहा है ।पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में किशन सूर्यवंशी अध्यक्ष नगर निगम भोपाल, विशिष्ट अतिथि वासदेव वाधवानी, संरक्षक नवयुवक सभा, विशिष्ट अतिथि हरीश ज्ञानचंदानी अध्यक्ष भोपाल ग्रेन एंड ऑयल सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन थे। साधु वासवानी एज्युकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष दयालदास डेटानी, खेल सचिव इंदर आडवानी, कोषाध्यक्ष दिनेश वाधवानी, सांस्कृतिक सचिव मुस्कान डेटानी, प्राचार्य एवं



महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सुमन मलिक द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। टीम को अतिथियों द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी एवं 11000 हजार रूपये एवं एवं उप विजेता को 5100 रूपये की राशि प्रदान की। पूरे मैच के दौरान बेस्ट अटेकर आयुष रहे।

# सड़क निर्माण औचक निरीक्षण की रिपोर्ट्स आई, मंत्री करेंगे समीक्षा

## मध्यप्रदेश में निर्माण की छापामार शैली में कराई जांच-पड़ताल



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** लोनिवि इंजीनियरों के काम को कसने के लिये सड़क निर्माण का औचक निरीक्षण शुरू कराया गया है। यह कवायद गत वर्ष भी की गई थी। जिलों में पांच-पांच निर्माण कार्यों को औचक निरीक्षण करने के लिए सॉफ्टवेयर के माध्यम से स्थान चिह्नित किए गए हैं। बताया जाता है कि सातों परिक्षेत्र में निरीक्षण के लिये तीन कार्य निर्माणाधीन थे एवं दो कार्य परफॉर्मेंस गारंटी वाले थे। इन 5 निर्माण कार्यों में से एक कार्य भवन निर्माण का था।

### सात जिलों का चयन रेंडम आधार पर किया

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर विभाग के सातों परिक्षेत्रों के एक-एक जिले में मुख्य अभियंताओं के दलों ने औचक निरीक्षण किया। इन औचक निरीक्षणों की खास बात यह रही कि कौन सा निरीक्षण दल किस जिले में किन निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने वाला है। जानकार बताते हैं कि इस औचक निरीक्षण के लिये सात जिलों का चयन रेंडम आधार पर किया गया, जिसमें भोपाल परिक्षेत्र से भोपाल, ग्वालियर परिक्षेत्र से ग्वालियर, जबलपुर परिक्षेत्र से कटनी, इंदौर परिक्षेत्र से धार, रीवा परिक्षेत्र से शहडोल, उज्जैन परिक्षेत्र से रतलाम एवं सागर परिक्षेत्र से पन्ना जिला शामिल था।

### विशेष सॉफ्टवेयर तैयार किया

दरअसल मंत्री के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने इन औचक निरीक्षणों के लिए एक विशेष सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इससे सबसे पहले रेंडम आधार पर मुख्य अभियंताओं के दल बने और एक-एक जिले का आवंटन किया गया। बताया जाता है कि मंत्री सिंह के निर्देशानुसार सभी निरीक्षण दलों को उसी दिन अपनी निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर सीधे सॉफ्टवेयर पर अपलोड करनी होगी। इन रिपोर्ट्स की समीक्षा आज हो रही है। निरीक्षण के दौरान लिए गए सैंपल्स की लैब रिपोर्ट भी तीन दिन के अंदर प्राप्त कर सीधे सॉफ्टवेयर पर ही अपलोड की जाएगी। बताया जाता है कि भोपाल जिले में एमपीआरडीसी से महाप्रबंधक पवन अरोडा और जबलपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता भवन आरके अहिरवार के दल ने गांधी चिकित्सालय परिसर में नर्सिंग कॉलेज छात्रावास भवन, भोपाल देवास चार लेन मार्ग, बरखेडी कुशलपुरा मार्ग, समसपुर से खारी मार्ग और अचारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया के एप्रोच मार्ग का निरीक्षण किया है।

# पर्वतारोही भावना का किया भोपाल में स्वागत-सत्कार



भोपाल. दोपहर मेट्रो।

### मशहूर पर्वतारोही और 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की ब्रांड एंबेसडर

मशहूर पर्वतारोही और 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की ब्रांड एंबेसडर भावना डेहरिया का अर्जेंटीना से लौटने पर भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया।

हाल ही में उन्होंने दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट एकोंकागुआ (6,961 मीटर) का सफलतापूर्वक आरोहण कर भारत का नाम रोशन किया। भावना मध्यप्रदेश की पहली महिला पर्वतारोही हैं, जिन्होंने सात महाद्वीपों के सबसे ऊँचे शिखरों को फतह करने के अभियान में यह पांचवीं कठिन चोटी सफलतापूर्वक पार की। उन्होंने हमेशा बेटियों को आगे बढ़ाने और महिलाओं को पर्वतारोहण व साहसिक खेलों में प्रोत्साहित करने का संदेश दिया है। भावना ने अपनी इस सफलता को देश के युवाओं और साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित किया। भावना के स्वागत के लिए खेल प्रेमी, युवा, परिजन और प्रशंसकों की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। उनके इस ऐतिहासिक सफर पर उन्हें सम्मानित किया गया और ढेरों शुभकामनाएं दी गईं।

## जीआईएस के प्रांगण में सुपर कार व सुपर बाइक्स का एक्सपो

**भोपाल।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को आकर्षक बनाने के लिए सरकार तीन बड़े एक्सपो भी आयोजित करने जा रही है। ये तीनों एक्सपो नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर किए जा रहे हैं। इनमें भोपाल और आस-पास के इलाकों में बढ़ने वाली इंडस्ट्रीज को भी ध्यान में रखा गया है। इनमें सबसे बडा आकर्षण मोबिलिटी एक्सपो हो सकता है जिसमें शामिल होने वाली सुपर कार और सुपरबाइक्स युवाओं को आकर्षित करेंगी। इसके साथ ही बिजनेस सेक्टर और मध्यमवर्ग की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए टेक्सटाइल और गारमेंट एक्सपो भी लगाने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा प्रदेश के हर जिले में खास पहचान रखने वाले वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (एक जिला एक उत्पाद) को भी एक्सपो का हिस्सा बनाने का फैसला हुआ है। जानकारी के मुताबिक ग्लोबल समिट के दौरान एमपी मोबिलिटी एक्सपो के जरिए प्रदेश की ऑटोमोटिव सेक्टर में हुई प्रगति को



प्रदर्शित किया जाएगा। इसके जरिए मध्य प्रदेश को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और भविष्य के परिवहन के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा। अफसरों का मानना है कि मप्र ऑटोमोटिव और इलेक्ट्रिक वाहन के क्षेत्र में देश में एक महत्वपूर्ण केंद्र बन रहा है। यहां 30 से अधिक मूल उपकरण निर्माताओं के साथ अगली पीढ़ी की मोबिलिटी को ध्यान में रखकर काम हो रहा है। कई कंपनियां अपनी ईवी सुविधाओं की स्थापना में तेजी ला रही हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर यह बदलाव मध्यप्रदेश की पर्यावरण अनुकूल परिवहन नीति को बढ़ावा देना है।

## मध्यप्रदेश गरीब बंदियों को सहायता देने में देश में प्रथम स्थान पर: सीएम डॉ. यादव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गरीब बंदियों को जमानत एवं जुर्माना अदा करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने में मध्यप्रदेश देश में प्रथम है। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर बंदियों को 25 हजार रुपए तक की जुर्माना राशि मंजूर की जाती है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने अबतक 31 बंदियों को जुर्माना एवं जमानत के रूप में 6 लाख 43 लाख 517 रुपए की राशि मंजूर की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 479 के प्रावधानों का पालन करने में भी मध्यप्रदेश देश में अग्रणी राज्य है। इस धारा में यह प्रावधान है कि ÷जेल अधीक्षक, जेल में निरूद्ध अभियुक्त व्यक्ति के उपबंधित कारावास की आधार या एक-तिहाई अवधि पूर्ण होने पर, ऐसे व्यक्ति को जमानत पर निर्मुक्त करने के लिए संबंधित माननीय न्यायालय को कार्रवाई करने के लिए तुरन्त लिखित में आवेदन करेगा।

## बच्चों में भगवान का वास है, इनकी खुशी ईश्वर को प्रसन्न रखने के समान है: मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय और सर्वे भवन्तु सुखिन, सर्वे संतु निरामय का विचार जन-जन में व्याप्त है। बच्चों में भगवान का वास है, इन्हें खुश रखना ईश्वर को प्रसन्न रखने के समान है। समाज की मुख्य धारा से पीछे रह जाने वाले बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने, उनका हौंसला बढ़ाने के लिए व्यक्ति और संस्थाओं द्वारा किए जा रहे प्रयास निश्चित ही अनुकरणीय हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नन्ही खुशियां कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में यह विचार व्यक्त किए।

## मैनिट में स्पोर्टस्केप-2025: इंक्लूसिव स्पोर्ट्स फॉर ऑल-ट्रांसफार्मिंग इंफ्रास्टक्चर फॉर एक्सेसिबिलिटी पर किया विचार

**दो दिवसीय सम्मेलन में देश विदेश के वक्ताओं से साझा किए विचार**

**भोपाल।** राजधानी स्थित मैनिट में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन स्पोर्ट एस्केप-2025 का आयोजन हुआ। आईसीएसएसआर और विकसित भारत-2047 पहल द्वारा आयोजित समापन समारोह संस्थान के निदेशक डॉ. केके शुक्ला के संरक्षण में किया गया। इसे मैनिट के वास्तुकला एवं नियोजन विभाग की डॉ. नेहा प्रणव कोल्हे और डॉ. सुप्रिया व्यास द्वारा समन्वित किया गया। इस सम्मेलन का विषय इन्क्लूसिव स्पोर्ट्स फॉर ऑल-ट्रांसफार्मिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एक्सेसिबिलिटी रहा। सम्मेलन में प्रमुख वक्ताओं में विकास खराड़कर (सहायक निदेशक, खेल, मध्यप्रदेश सरकार), डॉ. रचना खरे (एसपीए भोपाल), डॉ. प्रशांति राव (एसपीए विजयवाड़ा), प्रो. कानू दास (सीयूईटी, बांग्लादेश) और डॉ. पूर्वा तावरी (किंग्सटन यूनिवर्सिटी, यूके) शामिल रहे। समावेशी खेल अवसंरचना, पैरा एथलेटिक्स एक्सेसिबिलिटी पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। सम्मेलन का उद्देश्य आधारभूत खेल की पहुंच को लेकर गहन शोध प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतिभागियों को अधिक से अधिक जानकारी प्रदान रहा। इसमें खेल नीतियों, नवाचार डेटा संग्रहण तकनीकों, अनुसंधान विधियों, पैरा एथलेटिक्स तथा समाज के वंचित वर्गों के लिए खेल सुविधाओं की उपलब्धता जैसे विषयों पर शोध प्रस्तुतियां दी गईं।

# मध्यप्रदेश की पावन धरा पर रफ्तार भर रहा चीता: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## चीते के कुनबे में हो रही निरंतर वृद्धि, पर्यटन में कूनो की बनी विशिष्ट पहचान



भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह देखकर अत्यंत सुख की अनुभूति होती है कि कभी एशिया महाद्वीप से विलुप्त हो चुके चीते आज मध्यप्रदेश की पावन धरा पर रफ्तार भर रहे हैं और अपना कुनबा भी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीव चराचर जंतु समाना की भावना वाले मध्यप्रदेश की धरा अद्भुत है, जो वन्य-जीवों की आश्रय-स्थली बन गई और कई विलुप्तप्राय वन्य-प्राणियों की अठखेलियों का आंगन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिये वन्य-जीवन को सहेज कर रखने और जैव-विविधता के संरक्षण के लिये प्रतिबद्ध हैं और आगे भी ऐसे नवाचारों के मध्यप्रदेश की पुण्य धरा को गौरवान्वित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को पालपुर-कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता आशा, धीरा और आशा के 3 शावकों को बाड़े से खुले जंगल में स्वच्छंद विचरण के लिये मुक्त किया।

### कूनो में वीरा के नए 2 शावकों को मिलाकर कुल 26 चीते हो गए

कूनो नेशनल पार्क में चीता रिलीज कार्यक्रम के दौरान कमिश्नर ग्वालियर-चंबल मनोज खत्री, आईजी चंबल सुशांत सक्सेना, कलेक्टर श्योपुर अर्पित वर्मा, सीसीएफ उत्तम शर्मा और डीएफओ कूनो आर. थिरुकुराल सहित प्रशासनिक एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कूनो नेशनल पार्क से अभी तक 7 चीतों को जंगल में स्वच्छंद विचरण के लिये छोड़ा गया है। कूनो में वीरा के नये 2 शावकों को मिलाकर कुल 26 चीते हो गये हैं। इन चीतों की मॉनीटरिंग के लिये 2 दल गठित किये गये हैं, जो छोड़े गये शावकों की निगरानी और सुरक्षा करेंगे। कूनो अभयारण्य में ईको-टूरिज्म की पहल से न केवल संरक्षण में मदद मिलेगी, बल्कि स्थानीय समुदायों के लिये रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

## वन वृत्तों में बाग शिकारी हुए सक्रिय अलर्ट मोड में विभाग का गश्ती दल

**भोपाल।** भोपाल सहित नर्मदापुरम, सिवनी, छिंदवाड़ा, बैतूल जबलपुर एवं बालाघाट वन वृत्तों में बाघ के कुख्यात शिकारी घूमने की सूचना के बाद वन मुख्यालय द्वारा इसको लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही वन विभाग के गश्ती दल ने जंगल में अपनी सक्रियता बड़ा दी है। पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ विंग शुभरंजन सेन ने जारी अलर्ट में कहा कि ऐसा जानकारी में आया कि कुख्यात शिकारी गिरोह के कई सदस्य वर्तमान में मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम, सिवनी, छिंदवाड़ा, बैतूल भोपाल, जबलपुर, बालाघाट वन वृत्तों एवं आस-पास के क्षेत्रों में सक्रिय है। इस लिए बाघ विचरण क्षेत्र में घुमक्कड़ समुदाय के डेरो में गश्ती दल द्वारा सर्चिंग की जाय। डॉग स्काड का संवेदनशील क्षेत्रो में भ्रमण कराया जाय।

## निजी कॉलेज को भौतिक निरीक्षण के बाद एनओसी

**भोपाल।** निजी कॉलेजों की मान्यता और अनापत्ति प्रमाण पत्र को लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसके अनुसार अब राजधानी सहित प्रदेशभर के निजी कॉलेजों को उच्च शिक्षा विभाग अब भौतिक निरीक्षण के बाद ही एनओसी जारी करेगा। विभाग ने इसके लिए निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग के तहत नए तथा पूर्व से संचालित अशासकीय महाविद्यालयों का अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने से पहले भौतिक निरीक्षण कराए जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में जिले के प्रमुख शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निरीक्षण के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अनुसार कॉलेजों के भौतिक निरीक्षण प्रतिवेदन मिलने के बाद ही उच्च शिक्षा विभाग सत्र 2025-26 के लिए प्रदेश में नए अशासकीय महाविद्यालय खोले जाने तथा पूर्व से संचालित निजी कॉलेजों के पाठ्यक्रमों की निरंतरता के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने पर निर्णय ले सकेगा।

# अस्पताल में मरीजों को नहीं मिल रहा आयुष्मान योजना का लाभ, जांच के दिए निर्देश



**मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में लिया संज्ञान**

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला हमीदिया अस्पताल में मरीजों को आयुष्मान योजना का लाभ नहीं मिलने का है। मामले में आयोग ने अस्पताल अधीक्षक को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही प्रकरण में उल्लेखित मरीजों एवं अन्य के संबंध में आयुष्मान कार्ड के इलाज में विलम्ब के संबंध में प्रतिवेदन भी तलब किया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि, भोपाल शहर के हमीदिया अस्पताल में कई मरीजों को आयुष्मान योजना के तहत ईलाज में लाभ नहीं मिलने का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मरीजों का कहना है कि अस्पताल प्रशासन आयुष्मान कार्ड से इलाज करने में आनाकानी कर रहे है। जब मरीज अपने इलाज के लिये आयुष्मान कार्ड लेकर जाते हैं तो उन्हें अस्पताल प्रबंधन द्वारा कार्ड में तकनीकी खराबी होने का कहकर लौटा दिया जाता है, और कई मरीजों को इलाज कराने के लिये हफ्तों तक इंतजार करना पता है, जिससे उनकी बीमारी और बढ़ जाती है।

## क्लास टीचर की छेड़छाड़ से परेशान छात्रा की आत्महत्या

भोपाल शहर के पिपलिया जहरपीर की एक प्राईवेट स्कूल की 11वीं की छात्रा ने उसके क्लास टीचर द्वारा छेड़छाड़ और प्रताड़ना करने से तंग आकर जहर खाकर आत्महत्या करने की घटना सामने आई है। मामले में संज्ञान लेकर मानव अधिकार आयोग ने पुलिस अधीक्षक, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन मांगा है।

## संपादकीय

# भाषा का सवाल और तंत्र

**अ** भारत में सांस्कृतिक व भाषायी विविधता इतनी ही कि कुछ ही मील चलने के बाद सब कुछ बदला हुआ सा लगता है। हर भाषा व समूह के लोग अपनी महत्ता चाहने लगते हैं लेकिन यह भी सच है कि दुनिया जिस तरह से सिमटकर एक अंगुली के क्लिक पर आती जा रही है,तब बहुत सारे आग्रह व पैमाने गौण होने लगते हैं। यह बात महाराष्ट्र सरकार के ताजा फैसले से फिर बहस में है। दरअसल भाषा और जातीय अस्मिता के संरक्षण का सवाल कई बार राज्यों की राजनीति में संघीय व्यवस्था के मूल्यों से टकराने लगता है। भाषाई पहचान के आधार पर कुछ राज्यों में स्थानीय बनाम बाहरी का संघर्ष पहले भी बहुत गहरे घाव छोड़ चुका है। बावजूद अपनी भाषा की सुरक्षा, संरक्षा और संवर्धन का सरकारी दायित्व अपनी जगह बना ही रहता है। कई राज्य की सरकारें अपनी सांस्कृतिक विविधता व क्षेत्रीय बोलियों को भी संरक्षित करने में जुटी हुई है । महाराष्ट्र सरकार का ताजा फैसला भी उसी दायित्व के तहत लिया गया है। महाराष्ट्र सरकार ने आदेश जारी किया है कि वहां के सभी सरकारी और अर्धसरकारी दफ्तरों में अधिकारियों को मराठी भाषा में बात करना अनिवार्य है। अगर कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, पिछले वर्ष स्वीकृत मराठी भाषा नीति में भाषा के संरक्षण, संवर्धन, प्रसार और विकास के लिए उठाए गए कदमों को आगे बढ़ाने के लिए सभी सार्वजनिक मामलों में मराठी के उपयोग की सिफारिश की गई थी। इसकी चिंता समझी जा सकती है। आज जिस तेजी से दुनिया सिकुड़ रही है, वैश्विक बाजार में भाषाई वर्चस्व महत्त्वपूर्ण हो गया है, उसमें बहुत सारी भाषाओं और बोलियों पर संकट गहरा गया है। हर वर्ष कई भाषाएं और बोलियां लुप्त हो जाती हैं। इस दृष्टि से राज्य सरकार की मराठी को लेकर चिंता उचित है। मगर, संघीय व्यवस्था में ऐसे फैसले कई बार मुश्किलें खड़ी कर देते हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अधिकारियों की स्थानीय लोगों से निकटता उनकी भाषा के माध्यम से ही बढ़ सकती है। अक्सर बड़े अधिकारी अंग्रेजी में संवाद और कामकाज करना पसंद करते हैं, इसलिए स्थानीय लोगों को परेशानी होती है। ऐसे में महाराष्ट्र में सरकार का फैसला कुछ हद तक ठीक कहा जा सकता है पर जरूरी नहीं कि हर सरकारी दफ्तर में अधिकारियों को केवल मराठी भाषी लोगों से कामकाजी संपर्क बनता हो। बहुत सारे लोग ऐसे भी हो सकते हैं, जो मराठी बोलना नहीं जानते। यही बात ऐसे अधिकारियों पर भी लागू हो सकती है, जो मराठी नहीं जानते, पर महाराष्ट्र के सरकारी दफ्तरों में काम करते हैं। खुद महाराष्ट्र इतना बडा व प्रगतिशील राज्य है जहां देश के कई राज्यों और विदेशी लोग रहते हैं। इनके लिये मराठी भाषा सीखने की बाध्यता जैसा मामला बन सकता है।इसी तरह महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि सभी राज्यों में अन्य राज्यों से चुनकर प्रशासनिक या पुलिस सेवा में आए अफसर भी होते हैं। मराठी में बात करने की अनिवार्यता से दफ्तरों के कामकाज और अधिकारियों के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव भी छोड़ सकती है।इसलिये फैसले को ज्यादा व्यवहारिक बनाने की जरूरत सदैव रहेगी। यह भी आशंका रहेगी कि सरकार के फैसले की आड में कुछ लोग या समूह मिलकर मजबूरी में ऐसा न करने वालों दबाव बना सकते हैं इससे स्थितियां भी परेशान करने वाली बन सकती हैं। यदि महाराष्ट्र का व्यक्ति किसी और राज्य में पहुंचे और ऐसी स्थिति में खुद को पाए तो भी असहज ही होगा। लिहाजा सहज बोलचाल ही एक दूसरे को समझने का जरिया रही है और रहना चाहिये।

# वैश्विक राजनीति-अर्थशास्त्र को नया आकार देगा ब्रिक्स

■ श्याम सखा 'श्याम'

**दरअसल, डोनाल्ड ट्रम्प के वित्तीय प्रतिबंधों ने डॉलर के विकल्प की तलाश को तेज किया है। वहीं ट्रम्प की नीतियों ने ब्रिक्स की भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को गति दी है। आज ब्रिक्स पश्चिमी प्रभुत्व को चुनौती दे रहा है और विकासशील देशों के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है।**




**ब्रि**क्स ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका वाले पांच प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है। जो दुनिया की बड़ी आबादी, जीडीपी और व्यापार के बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करता हैं। 'ब्रिक' शब्द 2001 में गोल्डमैन सैक्स के अर्थशास्त्री जिम ओ 'नील द्वारा गढ़ा गया था, जिन्होंने भविष्यवाणी की थी कि ये चार अर्थव्यवस्थाएं 2050 तक वैश्विक विकास पर हावी होंगी। पहली अनौपचारिक ब्रिक बैठक 2006 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में हुई थी, उसके बाद 2009 में रूस में पहला आधिकारिक ब्रिक शिखर सम्मेलन हुआ था। वर्ष 2010 में, दक्षिण अफ्रीका इसमें शामिल हुआ, जिससे ब्रिक ब्रिक्स में बदल गया।

वर्ष 2014 में, ब्रिक्स ने पश्चिमी-प्रभुत्व वाले आईएमएफ और विश्व बैंक के विकल्प के रूप में न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) की स्थापना की। समूह का प्रभाव 2023 में और बढ़ गया जब इसने अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और यूएई को आमंत्रित करके विस्तार किया, जो इसकी बढ़ती वैश्विक भूमिका को दर्शाता है। फिर क्यूबा व इंडोनेशिया पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल हो गए। वर्ष 2025 की शुरुआत तक, 40 से अधिक देशों ने ब्रिक्स समूह में शामिल होने में रुचि व्यक्त की है, जिसमें 24 देशों ने औपचारिक रूप से सदस्यता के लिए आवेदन किया है।

ब्रिक्स वैश्विक शासन में अमेरिकी व यूरोपीय प्रभुत्व को चुनौती देते हुए एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाने का प्रयास करता है। यह संगठन विकासशील देशों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व की मांग करते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, आईएमएफ और विश्व बैंक में सुधारों की वकालत करता है। जबकि रूस और चीन ब्रिक्स का उपयोग अमेरिकी आधिपत्य को संतुलित करने के लिए करते हैं, भारत व ब्राजील रणनीतिक स्वायत्तता हेतु इसका लाभ उठाते हैं। ब्रिक्स अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया में अपने प्रभाव का विस्तार कर रहा है। भारत क्वाड गठबंधन जैसी रणनीतिक साझेदारी हेतु ब्रिक्स जुड़ाव को संतुलित करता है।

अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों पर, ब्रिक्स ने तटस्थ या वैकल्पिक स्थिति अपनाई है, जैसा रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रति इसके दृष्टिकोण में दिखा। प्रतिबंधों पर संवाद को प्राथमिकता दी गई है। यह पश्चिमी नेतृत्व वाले हस्तक्षेपों और नाटो जैसे सैन्य गठबंधनों के लिए कूटनीतिक विकल्प प्रदान करता है। ब्रिक्स वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 31 फीसदी हिस्सा है, जो जी-7 से आगे है, और दुनिया की 42 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। चीन सकल घरेलू उत्पाद में सबसे आगे है, भारत सबसे तेजी से बढ़ती ब्रिक्स अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

समूह की प्रमुख पहलों में से एक डी-डॉलरीकरण है, जो व्यापार और वित्तीय लेनदेन में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता को कम करता है। न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) डॉलर के प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए स्थानीय मुद्राओं में ऋण प्रदान करता है। रूस और चीन पश्चिमी प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए युआन, रूबल और स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को सक्रिय रूप से बढ़ावा देते हैं। ब्रिक्स के भीतर व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे पश्चिमी बाजारों पर निर्भरता कम हुई है। जबकि चीन ब्रिक्स के भीतर सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है, अन्य सदस्य बीजिंग पर अत्यधिक आर्थिक निर्भरता को रोकने के लिए विविधीकरण चाहते हैं। वर्ष 2023 ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में सऊदी अरब, यूएई, ईरान, मिस्र, इथियोपिया और अर्जेंटीना को आमंत्रित किया गया, जो आगे के विस्तार का संकेत है। तेल समृद्ध खाड़ी देशों को शामिल करने से वैश्विक ऊर्जा बाजारों में ब्रिक्स की भूमिका बढ़ जाती है।

हालांकि, आंतरिक संघर्ष महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश करते हैं। भारत और चीन के बीच तनाव, विशेष रूप से सीमा विवादों को लेकर, भू-राजनीतिक टकराव पैदा करते हैं। यूक्रेन में रूस के युद्ध के परिणामस्वरूप पश्चिमी प्रतिबंध लगे हैं, जिससे ब्रिक्स के भीतर सहयोग जटिल हो गया है। समूह के भीतर आर्थिक असमानताएं भी चुनौतियां पेश करती हैं, क्योंकि व्यापार में चीन का प्रभुत्व सदस्यों के बीच विषमता पैदा करता है। इन चुनौतियों के बावजूद, ब्रिक्स का लक्ष्य पश्चिमी प्रभाव से स्वतंत्र एक नई वित्तीय प्रणाली स्थापित करना है। समूह प्रौद्योगिकी और रक्षा में अपने सहयोग का विस्तार भी कर सकता है। डोनाल्ड ट्रम्प की आक्रामक विदेश नीति, विशेष रूप से आर्थिक राष्ट्रवाद, व्यापार युद्ध और बहुपक्षीय संस्थानों के प्रति संदेह पर उनका जोर, पश्चिमी प्रभुत्व के लिए भू-राजनीतिक प्रतिपक्ष के रूप में ब्रिक्स के विकास में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान दे सकता है।

निस्संदेह, यू.एस. अलगाववाद ने ब्रिक्स की एकजुटता को बढ़ावा दिया। डोनाल्ड ट्रम्प की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति अक्सर सहयोगियों के साथ तनाव और कुछ क्षेत्रों में वैश्विक नेतृत्व से पीछे हटने का कारण बनी है। यह ब्रिक्स के लिए खुद को एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की वकालत करने वाली वैकल्पिक शक्ति के रूप में पेश करने का अवसर बनाता है। डोनाल्ड ट्रम्प के व्यापार ने बीजिंग को अन्य ब्रिक्स देशों और गैर-पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं के साथ आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। डोनाल्ड ट्रम्प के वित्तीय प्रतिबंध ने अमेरिकी डॉलर के विकल्प की तलाश को तेज किया है। ट्रम्प की नीतियों ने ब्रिक्स की भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को गति दी है। ब्रिक्स वैश्विक राजनीति और अर्थशास्त्र को नया आकार दे रहा है। पश्चिमी प्रभुत्व को चुनौती दे रहा है और विकासशील देशों के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# तकनीक के क्षेत्र में वर्चस्व का शीतयुद्ध, क्या एआई रेस में आगे निकल जाएगा चीन?

■ संकल्प सिंह

**स्पूतनिक 1 ने अमेरिका में जो हलचल पैदा की थी कुछ उसी तरह का डर चीन के डीपसीक एआई ने इन दिनों अमेरिका में फैला दिया है। ट्रंप के सत्ता में आते ही चीन ने डीपसीक नाम के एक एआई टूल से अमेरिका के गुरूर पर हमला किया है।**



**प्र** अक्तूबर 4, 1957 सोवियत संघ स्पूतनिक 1 (पृथ्वी की पहली सैटलाइट) अंतरिक्ष में लॉन्च करता है। यूएसएसआर के इस एक कदम से पूरे अमेरिका में हलचल मच जाती है। स्पूतनिक संकट ने पूरे अमेरिका में डर का माहौल बना दिया था। अमेरिका को लगा की जब सोवियत संघ तकनीक की मदद से स्पूतनिक 1 को अंतरिक्ष में भेज सकता है, तो वह इसकी मदद से अमेरिका के ऊपर न्यूक्लियर हमला भी कर सकता है। इसके बाद 1958 में अमेरिका ने नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) की स्थापना की, ताकि अंतरिक्ष में सोवियत संघ को टक्कर दी जा सके, फिर जो हुआ वह इतिहास बनकर रह गया। कुछ ऐसा ही इन दिनों भी हो रहा है, लेकिन इस बार ये लड़ाई अंतरिक्ष में नहीं बल्कि तकनीक की दुनिया में हो रही है। स्पूतनिक 1 ने अमेरिका में जो हलचल पैदा की थी कुछ उसी तरह का डर चीन के डीपसीक एआई ने इन दिनों अमेरिका में फैला दिया है। ट्रंप के सत्ता में आते ही चीन ने डीपसीक नाम के एक एआई टूल से अमेरिका के गुरूर पर हमला किया है। इस एआई टूल के लॉन्च करने के कुछ ही समय के भीतर दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी NVIDIA को करीब 600 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। NVIDIA के साथ-साथ मेटा, टेस्ला, गूगल और कई दूसरी कंपनियों को भी भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। इस एआई टूल ने लॉन्च होने के बाद ग्लोबल एआई मार्केट के नियम कायदे ही बदल दिए हैं।

ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि दुनिया अब एक नए शीतयुद्ध के दौर में प्रवेश कर चुकी है। यह शीतयुद्ध बिल्कुल अलग है। इसे तकनीक के स्तर पर लड़ा जा रहा है। यहां लड़ाई बम और बारूद से नहीं बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा और इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी को लेकर हो रही है। इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि आखिर क्या है ये डीपसीक एआई, जिसने लॉन्च होने के कुछ दिनों के भीतर ही अमेरिका की नाक में दम कर दिया है। इसके अलावा यह भी जानेंगे कि आखिर कैसे चीन, अमेरिका द्वारा एडवांस कंप्यूटिंग चिप्स के निर्यात पर बैन लगा दिए जाने के बाद भी इस तरह की तकनीक को बनाने में सफल हुआ?

डीपसीक एक एआई पावर्ड चैटबॉट है। इसके काम करने का तरीका काफी हद तक चैटजीपीटी जैसा ही है। रिपोर्ट के अनुसार इसके काम करने की शक्ति OpenAI के ov मोडल जैसी है, जिसे पिछले साल के अंत में जारी किया गया था। इसे चैटजीपीटी की तुलना में काफी कम जीपीयू का इस्तेमाल करके ट्रेन किया गया है। डीपसीक एआई डाटा प्रोसेसिंग करने के लिए चैटजीपीटी की तुलना में बहुत कम जीपीयू का इस्तेमाल करता है। खास बात यह है कि कम जीपीयू का इस्तेमाल करके भी डीपसीक एआई, चैटजीपीटी जैसा ही कार्यकुशल है। यही नहीं कई बेंचमार्क्स पर इसने चीटजीपीटी, गूगल और मेटा के एडवांस एआई मॉडल्स को भी पीछे छोड़ दिया है। डीपसीक के सबसे लेटेस्ट क्त्र मोडल को केवल 5.6 मिलियन डॉलर के बजट पर ट्रेन किया गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस एआई टूल को बनाने में जितनी लागत आई है, वह अमेरिकन एआई मॉडल को बनाने के खर्च की तुलना में कई गुना कम है। एक तरफ जहां यूजर्स को ChatGPT Plus का उपयोग करने के लिए 20 डॉलर खर्च करना पड़ता है, उसकी तुलना में डीपसीक एआई का उपयोग करने के लिए आपको किसी प्रकार के पैसों को खर्च करने की जरूरत नहीं होगी।

यही नहीं डीपसीक ने दुनियाभर में हर किसी के लिए अपना एक ओपनसोर्स भी जारी कर दिया है। अगर आपके पास कोई कंप्यूटर है, जिसमें अच्छा खासा जीपीयू लगा हुआ है, तो डीपसीक को आप अपने ही लैपटॉप में इस्तेमाल कर सकते हैं। इसका इस्तेमाल करने के लिए न तो आपको डीपसीक के चैट सर्वर में जाना होगा और न ही आपको इंटरनेट की जरूरत होगी। इस सर्विस के लिए आपसे कोई शुल्क भी नहीं लिया जाएगा।

खास बात यह है कि चीन ने डीपसीक एआई के अल्गोरिदम को छुपाया नहीं है इसको ओपन सोर्स कर दिया है। इस कारण दुनियाभर में इस एआई टूल का कई तरह के पैरामीटर्स पर परिक्षण किया जा रहा है। कई विशेषज्ञों द्वारा यह कहा जा रहा है कि डीपसीक एआई कई एआई मॉडल्स की तुलना में बेहतर ढंग से काम करता है वो भी बिना ज्यादा महंगे जीपीयू और हार्डवेयर की जरूरत लिए।

डीपसीक सिर्फ एक एआई टूल नहीं बल्कि यह भविष्य की झलक है, जहां शक्ति संतुलन मिसाइलों, एयरक्राफ्ट, बड़े-बड़े टैंकों में नहीं बल्कि अल्गोरिदम में छिपा होगा। अमेरिका और चीन के बीच चल रहा यह तकनीकी शीतयुद्ध अब एक रोमांचक मोड़ पर जाता हुआ दिख रहा है। 1957 में स्पूतनिक 1 के लॉन्च ने अमेरिका को एक होड़ में धकेला था, जिसके नतीजे में इंसान पहली बार चांद पर कदम रख पाया। 2025 में डीपसीक एआई ने अमेरिका के टेक साम्राज्य में हलचल पैदा की है। अब सवाल यह है कि इसका नतीजा क्या निकलेगा?

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**मानव को विनय से ही पात्रता प्राप्त होती है।**
**- हितोपदेश**

## आज का इतिहास

- 1715: स्पेन और पुर्तगाल के बीच युद्ध समाप्त।
- 1716: ब्रिटेन और हालैंड के बीच गठबंधन का नवीनीकरण।
- 1778: ब्रिटेन ने फ्रांस के खिलाफ जंग का ऐलान किया।
- 1778: फ्रांस ने अमेरिका को मान्यता प्रदान की।
- 1788: मैसाचुसेट्स संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान को मानने वाला छठा राज्य बना।
- 1819: सर थॉमस स्टैमफर्ड रैफेल्स ने सिंगापुर की खोज की।
- 1833: ओट्टो आधुनिक समय में यूनान के पहले सम्राट बने।
- 1869: यूनान क्रीट छोड़ने को राजी।
- 1899: स्पेन ने क्यूबा प्यूटो रिको गुआम और फिलीपींस अमेरिका को सौंपे।
- 1911: अमेरिका के एरिजोना में पहला वृद्धाश्रम खोला।
- 1922: कार्डिनल एशिले रैट्टी पोप चुने गए।
- 1941: ब्रिटिश सेना ने लीबिया के बेनगाजी शहर पर कब्जा किया।
- 1942: द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान यूनाइटेड किंगडम ने थाईलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1952: ब्रिटेन नरेश जार्ज छठवें के निधन के बाद एलिजाबेथ द्वितीय गद्दी पर बैठीं।
- 1959: सुश्री अन्ना चांडी केरल हाई कोर्ट की प्रथम महिला न्यायाधीश बनीं।

## निशाना

### गर्म है बाजार !



-कृष्णेन्द्र राय

लेकर ताजपोशी को ।
चर रही तैयारी ।।
लग चुकी है मुहर ।
बढ़ी बेकरारी ।।
चला खूब मंथन ।
हैं सब बेकरार ।।
करना ऐसे पेश ।
ना हो कुछ तकरार ।।
हुई पूरी बैठकें ।
कर देंगे अब पेश ।।
जानेंगे सब जल्द ।
कौन है विशेष ।।
अटकलों का लेकिन ।
गर्म है बाजार ।।
ऐन वक्त पर देखते ।
कौन पहनता हार ।।

## बच्चों ने नदी में मगरमच्छ को धूप सेंकता देखकर वीडियो बनाकर किया वायरल

**तेंदूखेड़ा।** नगर से लगभग 2 किलोमीटर दूर जामुनखेड़ा मार्ग पर पुल के पास दोपहर 12 बजे बच्चों ने एक मगरमच्छ को पठाघाट में महुला नदी के पत्थर पर धूप सेकतें देखा तो वीडियो बनाकर सोषल मीडिया पर वायरल कर दिया। जब बच्चों के पिता एसके प्रजापति से बात की तो उन्होनें बताया कि बच्चे दोपहर में मछली पकड़ने के लिए नदी गए थे लेकिन नदी में पत्थर पर मगरमच्छ को धूप सेकतें देखा तो वीडियो बना लिया और घर आकर सारी बात बताई। बच्चे दुर्गेष प्रजापति, अंकित प्रजापति, विक्की प्रजापति ने बताया कि नदी में दो मगरमच्छ है एक लगभग 4 से 5 फिट का हैं और दूसरा छोटा हैं। एसडीओ फारेस्ट प्रतीक दुबे ने कहा कि सूचना प्राप्त हुई हैं मैं उसका आज ही टीम भेजकर रेस्क्यू कराता हूं।



## नाड़ी वैध परंपरागत जन सेवा समिति ने की जिला अध्यक्षों की घोषणा



**नर्मदापुरम।** नाड़ी वैध परंपरागत जन सेवा भोपाल मध्य प्रदेश द्वारा नर्मदापुरम के पतई वाले दादाजी आश्रम बांद्राभान में वेद सम्मेलन का आयोजन हुआ। 2 से 4 फरवरी तक हुए आयोजन में प्रमुख कमला पति आश्रम बुधनी बांद्राभान वाले महंत शिरोमणी मध्य प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रूप सिंह राजपूज, मध्य प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. बी एस राजोरिया , डॉ. रमेश तिवारी, परंपरागत वरिष्ठ वेद चरण सिंह शर्मा और वैध भुवन लाल चंद्रवंशी इन सभी वरिष्ठ के सानिध्य में नाड़ी वैध परंपरागत जन सेवा समिति भोपाल मध्य प्रदेश के पांच जिला अध्यक्षों की घोषणा हुई। जिन में अनुभवी वैध राजवीर 6नीतेश8 मीणा को जिला नर्मदापुरम से अध्यक्ष पद दिया गया.जिला नरसिंहपुर से अनुभवी वैध अनिल लाल, जिला शहडोल से प्राकृतिक चिकित्सक ज्योति गुप्ता, जिला जबलपुर से वैद्य मोनिक लाल व जिला हरदा से डॉ. आनंद कुमार शर्मा को अध्यक्ष पद दिया गया। इस सममेलन में 8 जिलों के सभी जगह के वेद सम्मिलित हुए।

## टाइगर रिजर्व के महाराजपुर में मप्र वन कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न



**तेंदूखेड़ा!** मंगलवार को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत महाराजपुर में मप्र वन कर्मचारी संघ की बैठक का आयोजन किया गया जहां सागर में मध्य प्रदेश वन कर्मचारी संघ की सागर शाखा के जिला अध्यक्ष श्री दिलीप सिंह ठाकुर एवं श्री लखन सिंह ठाकुर कार्य वाहक वन क्षेत्रपाल की उपस्थिति में वन मंडल स्तरीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया सर्वसम्मति से श्री संदीप कुमार श्रीवास्तव वनपाल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया श्री संतोष कोरी वनरक्षक को उपाध्यक्ष, श्री कुलदीप श्रीवास्तव को सचिव श्री ताराचंद गौड़ कोषाध्यक्ष श्री शैलेंद्र हजारी उपकोष अध्यक्ष श्रीमती सरिता पाठक उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी श्री घनश्याम तिवारी वन रक्षक, श्री दयाराम अहिरवार जिला कार्यकारिणी सदस्य श्री अनूप शुक्ला जिला को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने नवनियुक्त समिति सदस्यों को बधाइयां प्रेषित की और आगामी समय में नादिर शाही शासन के खिलाफ एक जुट होकर लड़ने संकल्प लिया बैठक में समस्त वन स्टाफ और कर्मचारी मौजूद थे।

## शिविर में ध्यान और ज्ञान का महत्व बताया



**गंजबासौदा।** लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम जीवाजीपुर में आयोजित सात दिवसीय वार्षिक विशेष शिविर के पंचम एवं षष्ठी दिवस को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा गायन एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर केंद्रित किया गया। पंचम दिवस पर मुख्य अतिथि मॉडल पब्लिक स्कूल के संचालक प्रदीप राजपूत व कराओके म्यूजिक ग्रुप के संचालक राजेश नेमा व उनका ग्रुप रहे। एक और व्यावसायिक शिक्षा से छात्रों को मार्गदर्शित किया गया वहीं दूसरी ओर छात्रों का मनोरंजन भी किया गया । लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की सभी महिला प्राध्यापक भी उपस्थित रहीं। शिविर की शुरुआत प्रात: योग, ध्यान एवं पीटी सत्र से हुई। जिसमें खेल अधिकारी मनीष अहिरवार ने ध्यान ज्ञान के महत्व एवं लाभ पर विस्तृत प्रकाश डाला। इसके पश्चात वृद्ध आश्रम में साफ सफाई की एवं गांव में साफ सफाई के प्रति जागरूकता के लिए नारे के साथ रैली निकाली गई। और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,व विजेताओं को पुरस्कार दिया गया ।मंच संचालन स्वयंसेवक सेजल नामदेव एवं पूर्वी गौर द्वारा किया गया।

### प्रमुख सचिव ने सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों की सतत निगरानी के दिए निर्देश

# बोर्ड परीक्षाओं के लिए ड्यूटी में संलग्न अधिकारी तैयारी रखें

**प्रमुख सचिव स्मिता गाटे भारद्वाज ने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों की समीक्षा की**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए ड्यूटी में संलग्न सभी अधिकारी कर्मचारी सहित केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष, कलेक्टर प्रतिनिधि आदि सभी का प्रशिक्षण निर्धारित प्रक्रिया अनुसार संपन्न करवाया जाए। आगामी बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के संबंध में सभी पूर्ण रूप से तैयार रहे। यह निर्देश प्रमुख सचिव स्मिता गाटे भारद्वाज ने कक्षा दसवीं तथा 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी व अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश के समस्त कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, पुलिस अधीक्षक एवं जिला शिक्षा अधिकारियों को दिए। प्रमुख सचिव ने कहा है कि प्रश्नपत्रों के बॉक्स खोले जाने के पूर्व बॉक्सों के छः तरफ का वीडियो बनाकर मण्डल द्वारा नामांकित व्यक्ति को वाट्सएप पर प्रातः 08.30 के पूर्व प्रतिदिन भेजना सुनिश्चित करेंगे। नियुक्त प्रेक्षक प्रतिदिन प्रातः 08-00 बजे परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होंगे तथा केन्द्राध्यक्ष एवं कलेक्टर प्रतिनिधि द्वारा थाने से प्रश्न-पत्र निकालकर परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने पर बॉक्स को सील्ड एवं सुरक्षित होने की पुष्टि करेंगे। यदि बॉक्स में छेड़छाड़ (Tampering) पाये जाने की स्थिति में तत्काल जिला कलेक्टर एवं सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल को अवगत करावेंगे।



प्रमुख सचिव श्रीमती भारद्वाज की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उपस्थित अधिकारी।

तदोपरांत प्रेक्षक द्वारा परीक्षा की अन्य व्यवस्थायें सुनिश्चित की जावेगी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी प्रतिदिन निर्धारित पोर्टल पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें साथ ही फ्लाइंग स्काड के द्वारा किए गए निरीक्षकों की भी जानकारी पोर्टल पर अपलोड करें। बैठक के दौरान प्रमुख सचिव श्रीमती भारद्वाज ने सभी जिला ई गवर्नेंस प्रबंधक को निर्देशित किया कि सोशल मीडिया पर प्रश्न पत्र लीक एवं भ्रामक खबरों की सतत रूप से निगरानी की जाए।

उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए की मण्?डल द्वारा जारी प्रावधानानुसार परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने के दो घण्टे पूर्व से लेकर परीक्षा समाप्त होने तक परीक्षा केन्द्रों से 100 गज की दूरी के अन्दर परीक्षार्थियों तथा परीक्षा ड्यूटी में संलग्न कर्मचारियों के अतिरिक्त किसी अनाधिकृत व्यक्तियों तथा अवांछनीय गतिविधियों पर रोक रहेगी। साथ ही परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए जिले की समन्वय संस्था में प्रश्न पत्र पहुंचने से मूल्यांकन समाप्ति तक संस्था में एक-चार की गार्ड उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील / अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर भी एक-चार की गार्ड उपलब्धता सुनिश्वित करें, तथा परीक्षा तिथियों में परीक्षा के दौरान प्रत्येक केंद्र पर एक-एक पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

प्रमुख सचिव ने बैठक के दौरान केंद्र अध्यक्ष सहायक सहायक केंद्र अध्यक्ष पर्यवेक्षकों आदि के प्रशिक्षण के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर सोनिया मीना,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कार्य में लापरवाही पर बिजली कंपनी ने आउटसोर्स कर्मचारी को हटाया

**नर्मदापुरम.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कार्य में लापरवाही और अनियमितता बरतने के चलते कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, रायसेन, राजगढ., सीहोर, मुरैना तथा श्?योपुर में बाह्य स्त्रोत एजेंसी के माध्यम से कार्यरत 37 आउटसोर्स कार्मिकों को सेवाओं से पृथक करते हुए ब्लैक लिस्ट किया है। कंपनी द्वारा ब्लैक लिस्ट किये गए 37 आउटसोर्स कार्मिक कंपनी कार्यक्षेत्र के किसी भी बिजली कार्यालय में कार्य नहीं कर सकेंगे।

नर्मदापुरम में 3 कर्मचारी ब्लैक लिस्ट किए गए हैं। आउटसोर्स कार्मिकों को लापरवाही और अनियमितता बरतने के कारण सेवा से पृथक कर ब्लैक लिस्ट किया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने सचेत किया है कि कार्य में पारदर्शिता, लगन, निष्ठा और उपभोक्ता सेवाओं को लेकर किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कंपनी में जीरो टोलरेंस की नीति लागू है और सभी मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे उपभोक्ता सेवाओं और कंपनी की उत्तरोत्तर तरक्की के लिए निरन्तर प्रयास करते रहें।

## नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण, देखे निर्माण कार्य, गुणवत्ता बनाए रखने के दिए निर्देश

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव सहित अन्य पार्षदों ने राजेंद्र नगर स्थित रानी लक्ष्मीबाई उद्यान, सावरकर चौक पर बन रहे जन सुविधा केंद्र, सावरकर चौक से मां कर्मा देवी चौराहे तक के बायपास का निरीक्षण कर नपा कर्मियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर सभी ने राजेंद्र नगर पार्क में कई प्रजाति के पौधों का रोपण भी किया।



अब नगर को जल्द से जल्द एक ऐसी जगह मिल जाएगी जहां नागरिक अपने परिवार के साथ कुछ समय बिता सकें। इसके लिए नगर पालिका परिषद द्वारा राजेंद्र नगर के वीरान हो चुके पार्क को सजाया और संवारा जा रहा है। यहां आने जाने के लिए पेपर ब्लॉक लगा दिए गए हैं। और यहां लगे पौधों में पानी डालने के लिए पाइपलाइन और कनेक्शन कर ड्रिप सिस्टम कर दिया गया है। पार्क की सुंदरता के लिए विशाल फव्वारा के अलावा दीवार पर चित्रकला करवाई जा रही है।

वहीं सावरकर चौक से मां कर्मा देवी चौराहा तक सड़क का निर्माण होने से वाहन चालकों की राह आसान हुई है। बाईपास के किनारे नाले के ऊपर रेलिंग लगा दी गई है जिससे कोई दुर्घटना ना घट सके।

व्यापारियों, राहगीरों, दुकानदारों की समस्या को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव ने इसी बाईपास के प्रारंभ में एक जन सुविधा केंद्र भी बनाए जाने के निर्देश नपा कर्मचारियों को दिए थे। जिसके बाद इसका कार्य भी प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान पंचतत्व संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, पार्षदगण अंशलेखा रोहित भावसार, संजय भावसार, सुनील साहू, नारायण सोनी,प्रमोद राजपूत, इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव उद्यान शाखा प्रभारी नवल कुशवाहा के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

## शास्त्रीय संगीत अंतर्गत ध्रुपद गायन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



पंडित रामलाल शर्मा कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन नर्मदा पुरम में स्पीक मैके संस्था के द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत की दुर्लभ शैली ध्रुपद गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण महाविद्यालय के प्रबंधक अरुण शर्मा पंडित रामलाल शर्मा कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन के प्राचार्य डॉ प्रिंस जैन एन. ई. एस. शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ज्योत्सना खरे एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर संजय गार्गव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की प्रारंभ में डॉक्टर संजय गार्गव के द्वारा महाविद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों को शास्त्रीय संगीत की दुर्लभ शैली ध्रुपद गायन से अवगत कराया एवं इसके महत्व के बारे में बताया । इसी के साथ पंडित प्रशांत मलिक निशांत मलिक के द्वारा शास्त्रीय संगीत की ध्रुपद शैली से जुड़ी कुछ सुर, ताल एवं लय के बारे में बताया और इसी के साथ उन्होंने अपनी एक दुर्लभ शैली ध्रुपद गायन को प्रस्तुत किया । आभार प्रदर्शन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रिंस जैन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति से परिचित कराना है। जिससे उनकी एकाग्रता और संस्कृति की समझ में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम का मंच संचालन महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक श्रीमती स्वाति गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में अरुण शर्मा एवं प्राचार्य डॉक्टर प्रिंस जैन के द्वारा मलिक बांधों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

## कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से 12वीं के स्टूडेंट्स को दी विदाई

**तारादेही में आयोजित किया गया कार्यक्रम**



**तारादेही/तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

मंगलवार को तेन्दूखेड़ा ब्लॉक के तारादेही ग्राम में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जहां कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों को कक्षा 11 वी के विद्यार्थियों द्वारा विदाई दी गई कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया गया इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया विदाई समारोह में कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई तथा कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों ने कक्षा 11वी के विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य एच. एन.मरावी ने कक्षा 12वीं के छात्र -छात्राओं को विदाई उपहार दिए इस अवसर पर संगीता सुरैया अनिल साहू. डी.पी.धुर्वे.परसादी लाल.अतुल जैन. भाईलाल गौड. अंजली अलावे.वैष्णवी परस्ते .शिल्पी जैन. उमाशंकर चौकसे. टीकाराम राय अभिलाषा चौरसिया. भारती यादव. नरेश प्रसाद. महेश अहिरवार .साहब अहिरवार.वीरचंद्र. तुलसीराम रजक .आभा लोधी. सरोज अहिरवार. रवि कुमारी. नंदराम यादव .प्रेम सिंह. सुदामा ठाकुर आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे।

**मेट्रो एंकर** तेंदूखेड़ा में धूमधाम से मनाया गया माँ नर्मदा जन्मोत्सव, भंडारे का हुआ आयोजन



# माँ नर्मदा के दर्शन मात्र से प्राणियों के पाप क्षीण हो जाते हैं : शास्त्री

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नगर में नर्मदा जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर नगर में खकरिया रोड पर स्थित सावरिया मोबाइल शॉप पर भव्य आरती एवं नर्मदाष्टक पाठ का आयोजन किया गया इसके उपरांत भव्य आरती और फिर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे हज़ारों की संख्या में माँ नर्मदा भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया ।

इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक गोपाल शास्त्री ने बताया कि माँ नर्मदा साक्षात जीवन दायिनी हैं और उनके दर्शन मात्र से प्राणियों के समस्त पाप क्षीण हो जाते हैं ।

नर्मदा जी दुनिया में बहने वाली पहली नदी हैं जिनका 600 करोड़ वर्ष पूर्व धरती पर अवतरण हुआ था। शास्त्रों में नर्मदा जी के 24 मुखों का उल्लेख है। यह दुनिया की एक मात्र नदी है जिनकी परिक्रमा होती है। भाग्यशाली होते है वे मनुष्य जिन्हें नर्मदा जी की परिक्रमा का सौभाग्य मिलता है। नर्मदा परिक्रमा से 7 जन्मों



के पापों का नाश होता है। एक रात्रि रेवा तट पर विश्राम करने पर शिवरात्रि के समान पुण्य मिलता है। गंगा भी वर्ष में एक बार स्वयं नर्मदा जी में स्नान करने आतीं हैं इस अवसर पर सावरिया मोबाइल संचालक गोपाल शास्त्री,करण उपाध्याय,गोपाल सोनी,पुष्पराज यादव,संस्कार महाजन,विजय साहू,वीरू यादव,राजेंद्र लोधी,दीपक विश्वकर्मा,राघव सोनी ,अजय यादव सहित नगर के लोग अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# केथन डेम में अवैध खेती पर प्रशासन ने चलवाए ट्रैक्टर



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

केथन डेम में पानी कम होने के बाद खाली होने वाली जमीन में अवैध रूप से दबंगों के द्वारा खेती करने का कार्य किया था जिनकी फसलों पर मंगलवार को प्रशासन संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चलवा कर जमीन को खाली करवाने का काम किया गया है तहसीलदार संजय चौरसिया सिंचाई विभाग का अमले को मौके लेकर पहुंचा और दम की भूमि में फसल लगी हुई थी उस पर ट्रैक्टर चलवाना प्रारंभ किया लगभग 10 हेक्टर जमीन को खाली करवाने का दवा प्रशासन ने किया है।

वैसे डेम की जमीन 550 बीघा करीब है पर अधिकांश जमीन पर सिंचाई विभाग के कई अधिकारी कर्मचारी से सांठगांठ करके दबंग लोग खेती कर रहे हैं। उक्त कार्रवाई भी प्रशासन ने प्रदेश टुडे की खबर के बाद प्रारंभ की थी पहले 25 हेक्टर के करीब जमीन खाली कराई थी। दूसरी ओर समाजसेवी अशोक जैन खर्चा भी केथन डेम होने वाली अवैध खेती का मामला 2016 से लगातार उठने आ रहे हैं तभी से प्रदेश टुडे भी जनहित में खबरें प्रकाशित करके प्रशासन के संज्ञा लगाने का काम निरंतर कर रहा है। वहीं विधायक उमाकांत शर्मा ने भी अवैध रूप से खेती करने बालों पर सख्त करवाई के निर्देश दिए हैं। इसके बाद एसडीएम हर्षल चौधरी ने तहसीलदार के नेतृत्व में संयुक्त दल बनाकर कार्रवाई को अंजाम दिलवाया है।आगे भी कार्रवाई करने बात कही है। अवैध रूप से खेती होने से गर्मियों के दिनों मे शहर में जल सप्लाई की समस्या उत्पन्न होती है। खेती करने वालों के द्वारा कीटनाशक दवा तथा उर्वरक डालने का काम भी किया जाता है इस वजह से डैम का पानी भी दूषित हो जाता है।

**इनका कहना है**

"केथन डैम में अवैध रूप से खेती करने वालों की फसलों ट्रैक्टर चलवा कर 10 हेक्टर जमीन मुक्त करई है।"
-हर्षल चौधरी, एसडीएम

### दुर्घटना के बाद नाराज भीड़ ने बस में लगाई आग

# निजी बस के चालक ने 4 साल के मासूम को कुचला, मौत

**■ सात लोगों पर बस मालिक ने कराई एफआईआर**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



बुधवार को दर्दनाक बस दुर्घटना में 4 साल के मासूम बच्चे की बस के पहिए के नीचे आने से मृत्यु हो गई गुस्साए भीड़ ने शक्ति ट्रांसपोर्ट कंपनी की बस में पहले तो पत्र आप किया फिर उसको आग के हवाले कर दिया पुलिस की सूचना पर नगर पालिका से फायर गाड़ी को मौके पर पहुंचने में लगभग 1 घंटे का समय लग गया। इसके बाद बस की आग को बुझाने के लिए कड़ी मस्कत फायर टीम को करनी पड़ी क्योंकि इसमें से ऊंची ऊंची आग की लपटें उठ रही थी काफी देर के बाद आग पर काबू पाया गया तब तक बस पूरी तरह से जल चुकी थी इधर एम्बुलेंस दुर्घटना में घायल पिता पुत्र को अस्पताल भेजा जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद सूरज जाटव उम्र 4 साल पिता कल्याण सिंह जाटव निवासी घिनोची थाना नटेरन को मृत्यु घोषित कर दिया।

पुलिस ने बताया की रोहिल पुरा चौराहे पामाखेड़ी मोड पर पिता पुत्र पैदल जा रहे थे। तभी आरोन रोड से सिरोंज की ओर गुरुचरण बस कंपनी की बस क्रमांक एमपी 40,पी 0387 के चालक ने लापरवाही से बस को चलते हुए दुर्घटना को अंजाम दिया मासूम बस के पहिए नीचे आ गए इस वजह से उसकी चटनी बन गई। भीषण सड़क हादसे को देखकर यहां पर भारी भीड़ जमा हो गई थोड़ी देर में बस का चालक घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया उसकी जानकारी पुलिस अभी तक नहीं लगा पाई जबकि जली हुई बस को पुलिस ने जप्त करके थाने के बाहर खड़ी कर ली।

**गुसाईं भीड़ ने लगाई आग**

गुरुचरण बसों के अधिकांश चालकों के द्वारा लापरवाही से वाहनों को दौड़ने का काम किया जाता है, इस वजह से आए दिन हादसे होते यातायात पुलिस से लेकर पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी इनको कई बार समझाएं दे चुके हैं फिर भी है इनकी मनमानी जा रही है उसी का परिणाम है कि फिर बड़ा हादसा हो गया। चालक की लापरवाही के कारण एक मासूम बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद भीड़ ने बस मैं आग लगा दी पहले पर पथराव किया फिर कुछ लोगों भीड़ में से ही आग लगाने के लिए उकसाया वीडियो में कुछ लोग बस में आग लगाने के लिए बोल रहे हैं वीडियो में इनकी आवाज आ रही है।

**बस मालिक ने कराई एफआईआर**

थाना प्रभारी संदीप सिंह पंवार ने बताया बताया कि अभी कल्याण सिंह जाटव की रिपोर्ट पर गुरुचरण बस के चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज करके चालक की जानकारी एकत्रित कर रहे है अभी वहां फरार है। वीडियो के आधार पर बस में आग लगाने वालों की पहचान की जाएगी ओर से शिकायत मिलने पर आगजनी का मामला दर्ज करके आग लगाने वालों पर भी कार्रवाई करेंगे दुर्घटना के दौरान भीड़ आग लगाने का प्रयास कर रही थी उस समय जानकारी के अनुसार एक तरफ सड़क पर बड़ी संख्या में पुलिस कुर्मी मौजूद थे। इसके बाद भी भीड़ ने बस को आपके हवाले कर दिया। बस मालिक द्वारा इनकी नामजद एफआईआर कराई गई है।

### कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया आकस्मिक निरीक्षण, स्टॉफ को दिए निर्देश

# डॉक्टर-नर्स मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएं

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**





विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य उपचार कराने अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को कहीं कोई दिक्कत, परेशानी तो नहीं आ रही, डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ वार्डों में समय पर उपस्थित हैं या नहीं सहित अन्य चिकित्सीय सुविधाओं का उनके द्वारा औचक जायजा लिया गया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने सबसे पहले श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला चिकित्सालय के ट्रामा सेंटर में पहुंचकर मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में पूछताछ की। उन्होंने यहां उपस्थित डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ से संवाद कर मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो, उन्हें समय पर उपचार मिले के प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने मेडिकल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, प्रसूति वार्ड सहित अन्य वार्डो का भ्रमण कर जायजा लिया।

कलेक्टर श्री सिंह ने बच्चा वार्ड और एचएनसीयू वार्ड में पहुंचकर ग्रामीण क्षेत्र से अस्पताल पहुंचे मरीज व उनके परिजनों से संवाद किया। कलेक्टर श्री सिंह ने डिलीवरी में कहीं कोई दिक्कत परेशानी तो नहीं आई के संबंध में भी पूछताछ की। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल परिसर के नवनिर्मित 100 बैड भवन का अवलोकन कर व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं या नहीं, बेडशीट बदली जा रही है या नहीं, मरीजों को समय पर भोजन, नाश्ता के प्रबंध समय पर हो रहे हैं या नहीं के संबंध में उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से संवाद कर जाना है।

कलेक्टर श्री सिंह ने अस्पताल में ऑपरेशन वार्ड का निरीक्षण भी किया यहां उन्होंने मरीज व उनके परिजनों से संवाद किया। अस्पताल निरीक्षण के दौरान परिसर में स्वच्छता की दृष्टि से साफ-सफाई की पर्याप्त व्यवस्थाएं बनाने तथा स्वास्थ्य सुविधाओं को किस प्रकार और बेहतर बनाया जा सकता है के संबंध में सुधारात्मक निर्देश दिए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोहिनी शर्मा, सिविल सर्जन सह अधीक्षक आरएल सिंह समेत अन्य अधिकारी साथ मौजूद रहे।

# प्रतिबंधित पॉलिथीन बेचने वालों पर नपा करेगी कार्रवाई

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विगत दिनों क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने प्रतिबंधित पॉलीथिन पर रोक लगाने के लिए नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू को निर्देश दिए थे। इसके बाद प्रतिबंधित पॉलिथीन बेचने वालों पर कार्रवाई करने के लिए तथा उसको जप्त करने के लिए नगर पालिका परिषद ने 10 पॉलिथीन चोरो को मैदान में उतार दिया है इनको पॉलिथीन चोर का नाम दिया गया है यह चोरों की तरह खड़े होकर प्रतिबंधित पॉलीथिन प्लास्टिक बेचने वाले तथा उसको लेने वालों पर निगाह रखकर उसको जप्त करके गायब हो जाएंगे। मुख्य नगर पाली अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्लास्टिक एवं पॉलीथिन मुक्त शहर बनाने के लिए



विधायक तथा एसडीएम के निर्देश पर बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू के साथ बस स्टैंड आदि क्षेत्रों में पहुंचकर हमने एलाउंसमेंट करके दुकानदारों से विशेष आग्रह किया किया है कि वह इसका उपयोग न करें इसके बाद भी कोई पॉलीथिन और प्रतिबंध प्लास्टिक उपयोग करते हुए पाया जाता है तो पहले जब करेंगे इसके बाद जमाने की कार्रवाई करेंगे।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो घायल



**सिरोंज।** बुधवार को शाम के समय तहसील रोड पर न्यू स्टार पेट्रोल पंप के सामने खड़ी एक मोटरसाइकिल में दूसरी मोटरसाइकिल के चालक ने टक्कर मार दिए इसके बाद दो लोग घायल हो गए मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों को अस्पताल में उपचार के लिए एम्बुलेंस से भर्ती करवाया गनीमत रही ज्यादा बड़ा हादसा नहीं हुआ नहीं तो बड़ी दुर्घटना भी घटित हो जाती हंड्रेड डायल से घायलों को सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया है अभी किसी भी पक्ष से मामला दर्ज नहीं कराया गया है। दुर्घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए थे। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी।

## इनाम घोषित

**सिरोंज।** विदिशा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना लटेरी में दर्ज अपराध के फरार आरोपी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए तीन हजार रूपए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना लटेरी में दर्ज अपराध प्रकरण क्रमांक 292/2024 के फरार आरोपी जय सिंह पुत्र रामहित कुशवाह उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम सल्लमगढ थाना जामनेर जिला गुना की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वालो के लिए तीन हजार रूपए प्रत्येक पर नगद इनाम घोषित किया गया है। सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर वीसी के माध्यम से दिशा-निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा माध्यमिक शिक्षा मंडल अध्यक्ष श्रीमती स्मिता भारद्वाज के द्वारा आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के जिलों में बोर्ड परीक्षाओं के लिए क्या-क्या आवश्यक तैयारियां कराई जाना है के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारियां प्रेषित की गई थी।

उक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में आगामी माह बोर्ड परीक्षा के लिए कलेक्टर द्वारा प्रत्येक विकासखंड में 2 से 4 निरीक्षण दल गठित करना, बोर्ड परीक्षाओं की प्रति दिवस की रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड कराया जाना समेत तमाम प्रबंधों के साथ-साथ परीक्षा केन्द्रों में निर्धारित समय 8.30 बजे तक विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाना है से अवगत कराया गया है। इसके अलावा परीक्षा केन्द्रों पर मोबाइल फोन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बोर्ड परीक्षाओं के दौरान नकल की रोकथाम के लिए विशेष प्रबंध



सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बोर्ड परीक्षा कार्यों की मॉनिटरिंग माध्यमिक शिक्षा मंडल के विभागीय पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान विदिशा के एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय स्कूल शमशाबाद में नवीन और 11वीं की रिक्त सीटों पर होगा प्रवेश

सिरोंज। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद में कक्षा 9वीं एवं 11 व में रिक्त हुई सीटों के लिए लेटरल प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद में आयोजित की जाएगी स कक्षा 9 वीं के लिए पी. एम. श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शमशाबाद एवं कक्षा 11वीं के लिए पी. एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद को परीक्षा केंद्र बनाया गया है स ऐसे अभ्यार्थी जिन्होंने उक्त परीक्षा के लिए आवेदन किया है। वह नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट ीजजचरूध्ध्दंअवकलं. हवअ.पद से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं स प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में असुबिधा होने पर कार्यालयीन समय में 7974092319 पर संपर्क कर सकते हैं।

**मेट्रो एंकर** सब्जी मंडी तथा पालीवाल कॉलोनी दोनों तरफ से जुड़ेगा बस स्टेंड का निर्माणाधीन नाला

# अब रहवासियों को बारिश के पानी निकासी की झंझट से मिलेगी मुक्ति

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

स्थानीय बस स्टैंड से वलेजा पेट्रोल पंप होते हुए बासौदा रोड स्थित नहर तक बनने मंडी बायपास मार्ग पर दोनों ओर बनने वाले नाले के निर्माण कार्य में अब नागरिकों की सुविधा ओर बस स्टैंड तक के पानी की निकासी करने के लिए विस्तार किया गया है अब यह नाला एक ओर पालीवाल कॉलोनी तरफ से तथा दूसरी ओर नगरपालिका की ओर से सब्जी मंडी में प्रवेश द्वार से मंडी की बनी हुई दुकानों के आगे से जोड़ा जाएगा। इन नालों के निर्माण हो जाने से बारिश का पानी इन नालों के माध्यम से निकलने में सुगमता हो जाएगी। उल्लेखनीय हे कि नपा द्वारा विगत दिनों सब्जी मंडी परिसर का निर्माण करवाया गया है जिससे पहले बारिश का जो पानी बहकर सब्जी मंडी में से निकल जाता था। ऊंचाई बढ़ जाने से बारिश के इस पानी को दुकानों में भर जाने की चिंता स्थानीय दुकानदारों को सताने लगी थी। उनकी भावनाओं और परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय पार्षद सचिन शर्मा ने विधायक उमाकांत शर्मा को अवगत कराया था। आम जनता की सुविधा की लिए विधायक शर्मा के निर्देश के बाद प्रशासन ने पानी निकासी की





योजना बनाई तथा बुधवार को एडीएम हर्षल चौधरी ने नपा प्रशासन के साथ बस स्टैंड पहुंचकर बनाए जाने वाले नाले के स्थान को चिन्हांकित कर चुने की लाइन डालकर लेआऊट दिलवाया।

कॉन्वेंट स्कूल की तरफ से यह नाला बस स्टैंड से जुड़ जाने से तथा सब्जी मंडी तरफ से यह नाला जुड़ जाने से बस स्टैंड का भी पानी नाले के माध्यम से निकल जाने से पानी भरने की समस्या से भी हमेशा के लिए निजात मिल जाएगी। मंडी रोड पर नाले के निर्माण के लिए तथा आवागम के लिए सड़क को चौड़ा करने के लिए भी सड़क के दोनों ओर सी सी सड़क को बढ़ाया जाएगा इसके लिए कृषक भवन की बाउंड्रीबॉल को भी छोटा किया जाएगा। वहीं सामने की ओर कब्रिस्तान की भूमि पर सड़क से सट कर लगी दुकानों को भी आम सहमति से पीछे करके निर्माण किया जाएगा। इस दौरान नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, सीएमओ रामप्रकाश साहू, इंजीनियर रोहित तोमर सहित राजस्व एवं नपा का अमला उपस्थित रहा।

**गुणवत्ताहीन निर्माण पर एसडीएम ने जताई नाराजगी**

इस दौरान एसडीएम हर्षल चौधरी ने वार्ड तीन में मंगल भवन के पीछे बन रही सड़क का भी अवलोकन किया। ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन सड़क एवं नाली निर्माण करने की शिकायत मिली थी। एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए मौके पर मौजूद नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू एवं इंजीनियर को ठेकेदार द्वारा प्रयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की जांच करने के साथ नाली के निर्माण में प्रयोग किए जा रहे लोहे की मात्रा को बढ़वाने के निर्देश प्रदान किए।

# इंडिया-इंग्लैंड का पहला वनडे आज नागपुर में पहली बार भिड़ेंगी दोनों टीमें

## अब दिग्गजों का 'वनडे' टेस्ट



टीम इंडिया और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आगाज आज से होने जा रहा है।सीरीज का पहला मुकाबला नागपुर के विदर्भ क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।दोनों टीमों के बीच यह सीरीज 12 फरवरी तक खेली जायेगी।आईसीसी वर्ल्ड चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी के लिहाज से यह वनडे सीरीज बहुत अहम मानी जा रही है।सही मायने में चैंपियंस ट्रॉफी के ठीक पहले होने वाली यह सीरीज कई दिग्गजों का वनडे फॉर्मेट का टेस्ट भी कहा जा सकता है।दरअसल टी 20 क्रिकेट में एक के बाद एक धमाल करने वाली टीम इंडिया साल 2024में टेस्ट मैचों में करारी हार झेलने के बाद वनडे में भी बेहद कमजोर ही रही है।अब यह देखना दिलचस्प रहेगा कि वनडे फॉर्मेट की 2025 में शुरुआत किस अंदाज में होती है।वनडे सीरीज में सभी खेलप्रेमियों की नजरें विराट कोहली और रोहित शर्मा पर होंगी।घरेलू मैदानों पर इंग्लैंड के खिलाफ दोनों दिग्गजों के बल्ले से गदर मचाने की आस की जा सकती है।हालांकि यह दोनों स्टार खिलाड़ी पिछले महीने रणजी ट्रॉफी में भी खेले थे,लेकिन उसमें भी कुछ खास नहीं कर सके थे।अब यह दोनों फॉर्मेट में वापसी करेंगे जिसमें उन्होंने वर्षों तक अपना दबदबा बनाए रखा था।इन दोनों खिलाड़ियों ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में धमाकेदार प्रदर्शन किया था।विराट कोहली ने जहां इस टूर्नामेंट में 765 रन बनाए थे,जबकि रोहित ने 597 रन का योगदान दिया था।गौरतलब है पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रही टीम इंडिया को मात्र फाइनल में शिकस्त झेलना प?ी थी।चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है।अगर हम वनडे फॉर्मेट के इस टूर्नामेंट की टीम इंडिया पर नजर डालें,तो फिर इसमें ऐसा कोई भी चोंकाने वाले नाम को टीम में जगह नहीं मिली है।सही मायने में इस टीम मे न तो घरेलू टूर्नामेंट( विजय हजारे ट्रॉफी ) और न ही ऑस्ट्रेलिया दौरे के प्रदर्शन को चयन का आधार बनाया गया है।वैसे तो टी20 की टीम में भी घरेलू मुस्ताक अली ट्रॉफी क प्रदर्शन को नजरअंदाज किया गया है,क्योंकि अगर घरेलू टूर्नामेंट को तवज्जों दी गई होती तो फिर टी 20 में श्रेयश अय्यर ओर रजत पाटीदार टीम का हिस्सा होते जबकि वनडे फॉर्मेट में करुण नायर ओर वरुण चक्रवर्ती को मौका मिलना चाहिए था।हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ टी20 में मिली सफलता के बाद चक्रवर्ती को टीम में शामिल कर लिया गया है।फिलहाल 2024-25विजय हजारे ट्रॉफी के बादशाह करण नायर और ऑस्ट्रेलिया दौरे में अपनी छाप छो?ने वाले युवा ऑल राउंडर नीतीश रेड्डी की नजरअंदाजी तो यही साबित करती है कि चयनकर्ताओं का टीम के चयन का नजरिया घरेलू क्रिकेट तो कतई नहीं है।वहीं रवींद्र जडेजा ओर अक्षर पटेल का चयन हमेशा की तरह इस बार भी चयनकर्ताओं की मजबूरी बयां करता है।यह बात वाकई समझ से परे है कि एक ही शैली के दोनों खिला?ियों को टीम में शामिल करने की आखिर क्या मजबूरी है।अगर ऑलराउंडर ही टीम की मजबूरी है तो युवा नीतीश रेड्डी को हार्दिक पंड्या के साथ भी चुना जा सकता है।खैर चयनकर्ताओं का नजरिया व सोच का फायदा टीम को कितना रहता है यह तो चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट में ही पता चलेगा।ऐसा माना जा रहा है कि कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के साथ ही हेड कोच गौतम गंभीर के भविष्य के लिहाज से चैंपियंस ट्रॉफी बेहद अहम है,लेकिन मेरे नजरिये में कोच गंभीर की सेहत पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला है।



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

## स्पिनर वरुण चक्रवर्ती कर सकते हैं डेब्यू

**नागपुर, एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला आज खेला जाएगा। गुरुवार को नागपुर के विदर्भ स्टेडियम में मैच दोपहर 1.30 बजे से शुरू होगा। इस मैदान पर दोनों टीमें पहली बार वनडे में आमने-सामने होंगी। इंग्लिश टीम को टी-20 सीरीज में 4-1 से हराकर मोमेंटम भारतीय टीम के पास हैं। टीम ने पिछले साल सिर्फ 3 वनडे खेले थे। 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी को देखते हुए यह सीरीज महत्वपूर्ण है। ऐसे में कप्तान रोहित शर्मा को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए इसी सीरीज से प्लेइंग कॉम्बिनेशन तय करना होगा।

वरुण चक्रवर्ती डेब्यू कर सकते हैं मैच से दो दिन पहले मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टीम इंडिया के वनडे स्क्वॉड में शामिल किया गया। उन्होंने नागपुर में टीम इंडिया के साथ प्रैक्टिस भी की। वरुण 14 विकेट लेकर टी-20 सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे थे। उन्हें नागपुर में मौका मिला सकता है। वहीं आखिरी वनडे के लिए टीम में चुने गए जसप्रीत बुमराह टीम से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई के वरुण को जोड़ने के बाद जारी टीम में बुमराह का नाम नहीं है।

इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग-ङ्गढ्ढ का ऐलान किया बुधवार को ही इंग्लिश टीम ने अपनी प्लेइंग- ङ्गढ्ढ का ऐलान कर दिया। इंग्लैंड क्रिकेट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर लिखा, 2023 के बाद पहली बार जो रूट टीम में वापसी कर रहे हैं। स्क्वॉड में टी-20 टीम के 10 खिलाड़ी भी शामिल हैं।

विराट 14 हजार रन के करीब स्टार बल्लेबाज विराट कोहली वनडे क्रिकेट में 14 हजार रन बनाने के करीब हैं। उनके अभी 295 मैच में 13,906 रन हैं। सीरीज में 94 रन बनाते ही उनके 14 हजार रन पूरे हो जाएंगे। वे ऐसा करने वाले तीसरे ही प्लेयर होंगे। विराट से पहले सचिन तेंदुलकर और कुमार संगाकारा 14 हजार प्लस रन बना चुके हैं। भारत 58 मैच जीता 1974 से अब तक भारत और इंग्लैंड के बीच 107 वनडे मैच हुए। इसमें भारत का पलड़ा भारी रहा। टीम ने 58 में इंग्लैंड को हराया, वहीं इंग्लिश टीम 44 मैच जीत सकी। रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ 49 की औसत से रन बनाए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और बल्लेबाज विराट कोहली भले ही आउट ऑफ फॉर्म हों, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ दोनों प्लेयर्स का शानदार रिकॉर्ड रहा है। विराट ने 36 मैच में 42 की औसत से 1340 रन बनाए हैं, वहीं रोहित ने करीब 49 की औसत से 724 रन बनाए हैं।



जडेजा ने 39 विकेट लिए ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं। उन्होंने 26 मैच में 39 विकेट चटकाए हैं। वहीं 2023 के बाद भारतीय वनडे टीम में वापसी कर रहे मोहम्मद शमी ने 15 मैच में 25 विकेट लिए हैं। रूट ने भारत के खिलाफ 739 रन बनाए 2023 वर्ल्ड कप में खराब परफॉर्मेंस के बाद जो रूट को इंग्लैंड टीम से बाहर कर दिया गया था। अब चैंपियंस ट्रॉफी से पहले उन्हें इंडिया के खिलाफ चुना गया। उन्होंने भारत के खिलाफ 22 मैच में करीब 44 की औसत से 739 रन बनाए हैं।

### रशीद की स्पिन पड़ सकती है भारी

भारत के खिलाफ स्पिनर आदिल रशीद का प्रदर्शन अच्छा रहा है। वे अपनी स्पिन की वजह से ब? बल्लेबाजों को परेशान करते आए हैं। उन्होंने 9 मैच में 11 विकेट लिए हैं। वहीं 150ज्ञद्बश्चद्ध की स्पीड से बॉलिंग करने वाले मार्क वुड ने भी 8 विकेट लिए हैं।

### टॉस का रोल और पिच रिपोर्ट

नागपुर की पिच ज्यादातर बल्लेबाजों के लिए फायदेमंद होती है। यहां फर्स्ट इनिंग का एवरेज स्कोर 288 रन है। ऐसे में पहला वनडे हाई-स्कोरिंग हो सकता है। मैच में स्पिनर्स को मदद मिल सकती है। विदर्भ स्टेडियम में अब तक 9 मैच हुए। पहले बल्लेबाजी करनी वाली टीम ने 3, वहीं बाद में बैटिंग करने वाली टीम ने 6 मुकाबले जीते। 2009 में यहां पहला मैच भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था। स्टेडियम में आखिरी मैच 2019 में भी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ही खेला गया। जिसे भारत ने 8 रन से जीता था। टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना चुन सकती है। वेदर अपडेट 45 हजार दर्शक क्षमता वाले नागपुर स्टेडियम में गुरुवार को बारिश होने की संभावना कम है। पहला वनडे डे-नाइट खेला जाएगा। ऐसे में मैच की शुरुआत में टेम्प्रेचर 30 डिग्री से कम और रात में 20 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहेगा।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर/कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह और मोहम्मद शमी।

**इंग्लैंड की घोषित प्लेइंग-11:** जोस बटलर (कप्तान), फिल सॉल्ट (विकेटकीपर), बेन डकेट, जो रूट, हैरी ब्रूक, लियम लिविंगस्टन, जैकब बैथेल, ब्राइड कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद और साकिब महमूद।

## चैंपियंस ट्रॉफी- अंपायर नितिन मेनन का पाकिस्तान जाने से इनकार, रैफरी श्रीनाथ ने भी मांग ली छुट्टी

**दुबई, एजेंसी**

भारत के पूर्व गेंदबाज और आईसीसी रेफरी जवागल श्रीनाथ और अंपायर नितिन मेनन आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान नहीं जाएंगे। मेनन ने निजी कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया। वहीं, श्रीनाथ ने एक बातचीत में कहा है कि उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान आईसीसी से छुट्टी मांगी थी क्योंकि वह पिछले चार महीनों से सीरीज के लिए घर से बाहर थे। टूर्नामेंट 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और दुबई में होना है। इस बार चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल में खेली जा रही है। टीम इंडिया के सभी मैच दुबई में खेले जाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र के बताया, मेनन ने पाकिस्तान की यात्रा न करने का फैसला किया है। उन्होंने निजी कारणों से अपना नाम वापस ले लिया। मेनन आईसीसी नियमों के कारण दुबई में अंपायरिंग नहीं कर सकते थे। नियमों के मुताबिक दो टीमों के बीच किसी भी मैच में अपने-अपने देश के अंपायर नहीं हो सकते। भारत सभी मैच दुबई में खेलेगा, ऐसे में वह इन मैचों में अंपायरिंग नहीं कर सकते थे। रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी मेनन को चैंपियंस ट्रॉफी रोस्टर में रखना चाहती थी, लेकिन उन्होंने निजी कारणों से पाकिस्तान की यात्रा न करने का फैसला किया। नितिन मेनन का करियर नितिन मेनन ने अब तक 40 टेस्ट में अंपायरिंग की है। इनमें वह 30 बार मैदान और 10 बार टीवी अंपायर रहे। वनडे में मेनन 75 मैचों में अंपायरिंग कर चुके हैं। वहीं, टी-20 में भी उन्होंने 75 मैचों में अंपायरिंग की है। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 12 अंपायरों और 3 मैच रेफरी की लिस्ट जारी की मेनन के इंकार करने के बाद आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंपायरों की लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में 12 अंपायर और 3 मैच रेफरी के नाम का ऐलान किया है।

## हार के बाद सिमोना हालेप ने किया संन्यास का ऐलान

**अबुधाबी. एजेंसी**

बुखारेस्ट. दो बार की ग्रैंड स्लेम चैंपियन रोमानिया की स्टार टेनिस खिलाड़ी सिमोना हालेप ने टेनिस से संन्यास का ऐलान कर दिया है। हालेप ने यहां ट्रांसिल्वेनिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हारने के बाद यह फैसला लिया। उन्हें इटली की खिलाड़ी लूसिया ब्रोंजेटी ने 6-1, 6-1 से शिकस्त दी। ब्रिटेन की युवा टेनिस खिलाड़ी एम्मा राडुकानू को अबुधाबी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा। राडुकानू को पूर्व विंबलडन चैंपियन चेक गणराज्य की मार्केटा वांड्राउसोवा ने 6-3, 6-4 से हराकर बाहर कर दिया।



**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**



## विमेन सेक्शन से कपड़े खरीदते हैं चंकी पांडे बोले- बचपन में मुझे लड़की के कपड़े पहनाए जाते थे

हाल ही में एक्टर चंकी पांडे ने एक इंटरव्यू में बातचीत के दौरान अपनी पर्सनैलिटी और बेटी अनन्या पांडे को लेकर कुछ दिलचस्प बातें बताई हैं। एक्टर ने बताया कि उन्हें विमेन सेक्शन से कपड़े खरीदना पसंद है। चंकी ने बताया कि जब वो छोटे थे तो उनकी मां उन्हें लड़की के कपड़े पहनाती थीं। और इस वजह से बड़े होने के बाद भी उनके फैशन सेंस पर इसका असर दिखता है। एक बातचीत में चंकी बताते हैं कि जब उनका जन्म हुआ तो उनके माता-पिता बेटी की आने की तैयारी कर रहे थे। वो कहते हैं- मेरे पापा को सच में लड़की चाहिए थी। वो लड़के के लिए तैयार नहीं थे। मेरी मां ने सारी शॉपिंग एक लड़की के हिसाब से की थी। इसलिए मैं बचपन की सभी तस्वीरों में फ्रॉक, बिंदी और छोटे झुमके पहने हुए दिखता हूं। मैं स्वीट बच्ची था। दो साल के बाद मैं लड़का बन गया। इंटरव्यू में एक्टर कहते हैं कि किसी भी इंसान के लिए शुरू के चार साल बेहद जरूरी होते हैं। ये उनकी लाइफ का वो साल था, जब उन्हें लड़कियों के कपड़ों से प्यार हो गया। और आज तक वो प्यार बरकरार है। इस वजह से वो अब भी विमेन सेक्शन से शॉपिंग करते हैं। चंकी कहते हैं- मैं जब शॉप में होता हूं तो विमेन सेक्शन से चीजें उठाता हूं। कभी-कभी सारे कपड़े मिक्स होते हैं। ऐसे में, मैं जब किसी सेल्स गर्ल या मैन से कहता हूं कि मैं अपने लिए खरीद रहा हूं तो फिर वो मुझे कहते हैं कि ये लेडीज का है। मुझे लगता है कि मेरी एनर्जी,मेरे आर्ट में एक फेमिनन फोर्स है।

### अनन्या मुझसे कपड़े लेती है उधार

बातचीत के दौरान चंकी ने अपनी बेटी और एक्टर अनन्या पांडे को लेकर भी बातें की। उन्होंने बताया कि अनन्या को उनके वार्डरोब से कपड़े लेना पसंद है। वो उनसे कपड़े उधार लेती हैं। एक्टर कहते हैं कि वो आमतौर पर मेरे से उधार लिए गए कपड़ों को वापस नहीं करती और उन्हें नाइट वियर बना लेती है। वो जब भी विमेन सेक्शन से कुछ लेना चाहते हैं तो अनन्या को स्क्रीनशॉट भेजते हैं। अगर वो एक्ट्रेस को पसंद आता है फिर चंकी उसे खरीदते हैं।

## वैलेंटाइन डे पर कैफे खोलेंगी कंगना दीपिका पादुकोण को याद दिलाया वादा



बॉलीवुड और राजनीति के लिए पहचाने जाने वाली कंगना रनौत अब व्यवसाय की दुनिया में भी कदम रख रही हैं। आज बुधवार के दिन कंगना ने हिमालय की वादियों में रेस्तरां खोलने की घोषणा की है। इससे जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें वह रेस्तरां की कुछ झलकियां दिखाती नजर आ रही हैं। इसके साथ ही एक वीडियो के जरिए दीपिका पादुकोण को अपने रेस्तरां में आने को लेकर किए वादे को याद दिलाती नजर आ रही हैं। कंगना रनौत हिमालय की वादियों में अपना ड्रीम रेस्तरां वैलेंटाइन डे के दिन खोलने वाली हैं, जिसका वीडियो भी उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में कंगना अपनी आवाज में सालों पुराने सपने को सच होता बता रही हैं।

रेस्तरां से संबंधित कंगना ने इंस्टाग्राम पर कई पोस्ट डाली हैं, जिसमें एक पोस्ट में वह लिखती हैं, हिमालय मेरी हड्डियां हैं, नदियां मेरी नसें हैं, जंगल मेरे विचार हैं और तारे मेरे सपने। वहीं एक दूसरे पोस्ट में वह लिखती हैं, पहाड़ बुला रहा है, मुझे जवाब देना चाहिए। रेस्तरां की ओपनिंग की घोषणा के बाद कंगना ने अपने स्टोरी में एक वीडियो शेयर किया, जिसे किसी फैन द्वारा शेयर किया गया था। इसमें कंगना रनौत किसी एक इंटरव्यू में दिखाई दे रही हैं, जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण, विद्या बालन और निमरत कौर भी नजर आ रही हैं। इस वीडियो में कंगना कहती हैं कि वह एक ऐसा रेस्तरां खोलना चाहती हैं, जहां पूरी दुनिया भर के व्यंजन हों, साथ ही वह बताती हैं कि उन्होंने दुनिया भर का खाना खाया है, इसलिए वह एक अलग रेसिपी लेकर आएंगी। कंगना के इतना कहने पर दीपिका कहती हैं कि वह उनके रेस्तरां की पहली क्लाइंट बनना पसंद करेंगी, इसपर वहां मौजूद सभी हंसने लगते हैं। दीपिका पादुकोण वाला वीडियो शेयर करते हुए कंगना रनौत लिखती हैं कि अगर बातों को सच करने के लिए किसी का नाम लेना हो तो वो मैं होऊंगी, साथ ही लिखा कि दीपिका पादुकोण ने उनकी पहली क्लाइंट होने का वादा किा था।

## चेन्नई कॉन्सर्ट में ब्रिटिश सिंगर एड शीरन के साथ दिखे रहमान, उर्वशी-उर्वशी गाने पर झूमे फैंस

ब्रिटिश सिंगर एड शीरन के चेन्नई कॉन्सर्ट में एआर रहमान ने भी परफॉर्म किया। इस सरप्राइज को देखकर फैंस खुशी से झूमे उठे। हाल ही में दोनों की मुलाकात भी हुई थी। ब्रिटिश सिंगर एड शीरन इन दिनों अपने म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए भारत आए हुए हैं। पिछले दिनों उनका हैदराबाद में कॉन्सर्ट हुआ। अब वह चेन्नई में कॉन्सर्ट कर रहे हैं। इस कॉन्सर्ट से पहले एड शीरन की ए.आर रहमान से एक खास मुलाकात हुई। लेकिन चेन्नई कॉन्सर्ट की सबसे खास बात यह रही कि इसमें एड शीरन और रहमान दोनों ने ही परफॉर्म किया। एड शीरन ने रहमान को अपने म्यूजिक स्टेज पर इंवाइट किया था। ब्रिटिश सिंगर एड शीरन का चेन्नई के वाईएमसीए ग्राउंड में म्यूजिक कॉन्सर्ट हुआ। इसमें उन्होंने अपने मशहूर गाने गाए। इसी बीच दर्शकों को सरप्राइज मिला, जब एड शीरन के मंच रहमान पहुंचे। उन्होंने अपने हिट सॉन्ग 'उर्वशी उर्वशी' को गाया। साथ में एड शीरन ने भी उनका साथ गिटार बजाकर दिया। यह परफॉर्मेंस से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। एड शीरन ने भी रहमान के साथ परफॉर्मेंस देने को अपने लिए सम्मान की बात बताया है। रहमान और एड शीरन को साथ में परफॉर्म करते हुए देखकर फैंस भी काफी खुश हैं। सोशल मीडिया पर शानदार रिएक्शन आ रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने कहा है कि चेन्नई शहर के लोग कितने लकी हैं कि इतने बेहतरीन सिंगर्स को एक साथ परफॉर्म करते हुए देख रहे हैं। ऐसे ही कई म्यूजिक लवर्स के कमेंट रहमान और एड शीरन के लिए आए। चेन्नई के बाद सिंगर एड शीरन जल्द ही दिल्ली-एनसीआर में कॉन्सर्ट करेंगे। सिंगर का म्यूजिक कॉन्सर्ट 15 फरवरी को दिल्ली-एनसीआर में होगा, इसी के साथ उनका म्यूजिक टूर खत्म भी हो जाएगा। एड शीरन की भारत में बहुत अच्छी फैन फॉलोइंग है, वह अकसर ही भारत आते हैं, म्यूजिक कॉन्सर्ट करते हैं।



**मेट्रो बाजार**

## अब बुजुर्ग के नाम बैंक एफडी कराएं, डबल मुनाफा पाएं




**नईदिल्ली, एजेंसी**

आम बजट में सरकार ने टीडीएस के मोर्चे पर कई बदलाव किए हैं, जिन्हें बारीकी से समझना बेहद जरूरी है। सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए एफडी से मिले ब्याज पर टीडीएस कटौती की सीमा बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दी है। मान लीजिए कि आप 3 साल की एफडी में खुद के नाम से 3 लाख रुपए निवेश किया तो उस पर 7त्न के हिसाब से 69,432 रुपए की कमाई होगी, जिस पर टीडीएस कटेगा।वहीं अगर इस रकम को घर के बुजुर्ग के नाम से एफडी कराएंगे तो बैंक से 0.50त्न अधिक ब्याज मिलेगा, जिससे 74,915 रुपए की कमाई होगी और टीडीएस की नहीं कटेगा। सरकार ने किराए की प्रॉपर्टी से अर्जित आय की सीमा को सालाना 2.50 लाख रुपए से बढ़ाकर 6 लाख कर दिया है, लेकिन इसमें ध्यान देने योग्य बात यह है कि इसमें मासिक 50,000 रुपए की सीमा भी लगा दी है। सीए विनीत राठी ने कहा, लोगों को लगता है कि उन्हें अगर सालाना 6 लाख रुपए किराए से आय के रूप में मिलेगा तो उस पर टीडीएस नहीं कटेगा। लेकिन एक महीने में अगर 50,000 से ऊपर भुगतान होता है तो टीडीएस काटना होगा। टीडीएस से संबंधित अन्य फैसले प्रतिभूतियों में निवेश से प्राप्त ब्याज पर टीडीएस सीमा बढ़कर 10,000 रुपए हुई। स्टॉक्स या म्यूचुअल फंड्स से प्राप्त लाभांश पर टीडीएस छूट 5,000 से बढ़ाकर 10,000 की गई। बीमा एजेंट कमीशन पर यह सीमा 15,000 से बढ़ाकर 20,000 रुपए की गई। ब्रोकरेज पर कमीशन पर टीडीएस कटौती की सीमा भी 15,000 से बढ़कर 20 हजार हुई। तकनीकी सेवा पर टीडीएस कटौती की सीमा 30,000 से बढ़ाकर 50,000 रुपए की गई। दरअसल कुछ प्रॉपर्टी साल भर के लिए नहीं ली जाती हैं। अगर 8-10 महीने के लिए किराया छह लाख रुपये निर्धारित किया जाता है तो छह लाख के किराए को 10 किस्तों में बांटा जाएगा। हर महीने मालिक को 60 हजार का किराए मिलेगा। ऐसी स्थिति में मासिक किराया 50 हजार से ऊपर होने पर टीडीएस काटा जाएगा। इसलिए मासिक सीमा का ध्यान रखना जरूरी है।

## जल्द छोटे निर्यातकों के लिए आएगी नई योजनाएं

**नईदिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार छोटे निर्यातकों की मदद के लिए नई योजनाएं तैयार कर रही है, ताकि उन्हें बिना किसी रेहन के ऋण उपलब्ध हो सके। इससे उन्हें विकसित देशों में लागू गैर-शुल्क उपायों की अनुपालन जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इसमें सीमापार फैक्टरिंग समर्थन के जरिए फंडिंग के वैक?ल्पिक साधनों को बढ़ावा देने और जोखिमपूर्ण बाजारों के लिए सहायता प्रदान किया जाएगा। वर्ष 2025-26 के आम बजट में घोषित 2,250 करोड़ रुपए के निर्यात प्रोत्साहन मिशन के तहत शुरू की जाने वाली इन योजनाओं पर एक अंतर-मंत्रालय समिति काम कर रही है। निर्यात प्रोत्साहन मिशन में मार्केट एक्सेस इनिशिएटिव (माई) योजना के लिए आवंटित 200 करोड़ रुपए भी शामिल होंगे। एमएसएमई के लिए निर्यात ऋ्रण सहायता पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जो यूरोपीय संघ और अमरीका जैसे प्रमुख बाजारों में गैर-शुल्क उपायों का मुकाबला करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा, एमएसएमई के लिए निर्यात ऋ्रण एक बड़ी चुनौती रही है। सरकार एक ऐसी योजना तैयार कर रही है जिसमें एमएसएमई निर्यातकों के लिए ऋ्रण को पूरी तरह अथवा आंशिक तौर पर रेहन से मक्त रखा जाएगा। अगर मंजूरी मिल जाती है तो इनमें से कुछ योजनाएं करीब चार महीने में लागू हो जाएंगी। बजट में किसान क्रेडिट कार्ड में किसानों की ऋ्रण सीमा 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए करने का लाभ सिर्फ उन्हीं किसानों को मिलेगा जिनका ऋ्रण चुकाने का इतिहास बढ़िया रहा है और जो वाणिज्यिक खेती में शामिल हैं।

### वारदात के दो आरोपी फरार, तीनों आरोपियों के हिस्से में आए थे 25-25 हजार रुपए

# अकाउंटेंट को लूटने वाले बंसल के पूर्व कर्मचारी, 75 हजार जब्त



### नौकरी से निकाले जाने से नाराज था बंसल का पूर्व ड्राइवर, सैकड़ों कैमरे खंगालने के बाद पुलिस को लगा था सुराग

### सीसीटीवी फुटेज से रूटमैप किया तैयार

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीम बनाई गई। टीम ने घटनास्थल से लेकर बंसल वन गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र तक करीब 300 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। फुटेज से तैयार रूटमैप, हुलिए व मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संदेही नौशाद (24) ऐशबाग, आमिर बैग (23) बाग फरहत अफ्जा व तल्हा खान (25) सोनिया कॉलोनी को हिरासत में लिया। पूछताछ में तीनों ने अपने दो अन्य साथियों में इमरान व अमन उर्फ भय्यू के साथ मिलकर लूट करनी स्वीकार ली।

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गोविंदपुरा पुलिस ने रचना टॉवर, सुभाष नगर विश्राम घाट के पास बंसल कंस्ट्रक्शन कंपनी के अकाउंटेंट से चाकू की नोक पर दो लाख रुपए लूटने वाले तीन लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीनों से 75 हजार रुपए की नगदी बरामद की गई है। दो अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है।

आरोपियों में से एक बंसल कंपनी का पूर्व ड्रायवर है। उसे फरियादी अकाउंटेंट ने नौकरी से निकाल दिया था। इसी का बदला लेने उसने लूट की साजिश रची थी।

डीसीपी जोन-टू संजय अग्रवाल के बताया कि नेताजी हिल्स कोलार रोड निवासी दीपेश जोशी (45) बंसल कंस्ट्रक्शन कंपनी गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में अकाउंटेंट हैं। 1 फरवरी की शाम करीब साढ़े 5 बजे वह बंसल वन हबीबगंज से ऑफिस के खर्चे का पैसा दो लाख रुपए अपने पिट्ठू बैग में रखकर गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र ऑफिस जा रहे थे।

इसी बीच रचना टॉवर के सामने गोविंदपुरा की ओर जाने वाले मार्ग पर सुभाष नगर विश्राम घाट के पास दो बाइक पर आए चार बदमाशों ने चाकू की नोक पर उनसे नोटों भरा बैग छीन लिया। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

### नौशाद ने रची लूट की साजिश

आरोपी नौशाद समेत दो आरोपी बंसल कंस्ट्रक्शन कंपनी के पूर्व कर्मचारी हैं। नौशाद कंपनी में ड्रायवर था। कुछ दिन पहले उसे दीपेश जोशी ने नौकरी से निकाल दिया। इसी का बदला लेने के लिए नौशाद ने लूट की साजिश रची और आमिर, तल्हा, इमरान व अमन उर्फ य्यू को शामिल कर लिया। इनमें से इमरान व अमन फिलहाल फरार हैं। दोनों फरार आरोपी इमरान व अमन आदतन अपराधी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि फरियादी के बयान के बाद पूर्व कर्मचारी पर नौशाद पर संदेह जताया था।

### फरार आरोपियों के पास लूट की शेष रकम

एसआई जीपी जोशी ने बताया कि लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद सूने स्थान पर जाकर आरोपियों ने रकम बांट ली थी। इसमें नौशाद, अमिर व तल्हा के हिस्से में 25-25 हजार रुपए आए थे जबकि शेष सवा लाख रुपए इमरान व अमन ने अपने पास रखे थे। पुलिस ने फरार दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के बाद ही शेष रकम बरामद हो सकेगी।

## ट्रेन से बैग चोरी, लैपटॉप समेत 35 हजार का था माल



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। रीवा भोपाल एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक यात्री का अज्ञात बदमाश बैग चुरा लिया। बैग में लैपटॉप, पावर बैंक, ईयरफोन सहित 35 हजार रुपए का सामान था।

रानी कमलापति जीआरपी ने चोरी का मामला दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रीवा निवासी राघवेंद्र शर्मा ने शिकायत करते हुए बताया कि वे रीवा से रानी कमलापति की यात्रा रीवा भोपाल एक्सप्रेस में कर रहे थे। उनका कोच बी 2 पर बर्थ नंबर 53 पर रिजर्वेशन था।

मैहर स्टेशन पर उन्होंने अपना पिट्ठू बैग बर्थ के पास हैंगर में लटकाया और सो गए। बैग में एचपी कंपनी का लैपटॉप, एक पावर बैंक और इयरफोन था। उन्हें इसके अलावा फाइल जिसमे बिल, कंपनी की डायरी रखे थे, जो कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया।

उनकी नींद मिसरोद रेलवे स्टेशन पर खुली तो बैग हैंगर से चोरी हो चुका था। उन्होंने बैग की बर्थ में तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद रानी कमलापति ट्रेन पहुंची और जीआरपी थाने पहुंचकर शिकायत की।

### रानीकमला पति रेलवे स्टेशन पर सो रहे यात्री का भी बैग चुराया

### स्टेशन से बैग गायब

इधर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-5 पर सो रहे यात्री का अज्ञात चोर ने बैग चुरा लिया। बैग में दस हजार रुपए की नगदी और 18 हजार रुपए का मोबाइल था। जीआरपी के अनुसार अविनाश दीक्षित रायसेन में रहते हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि वह उज्जैन से रानी कमलापति स्टेशन पहुंचे थे। रात में प्लेटफार्म नंबर-5 पर उन्होंने अपना पिट्ठू बैग सिरहाने पर रखा और सो गए। सुबह नींद खुली तो पता चला कि बैग सिरहाने से चोरी हो चुका था। आसपास बैग की तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। बैग में दस हजार रुपए की नगदी और 18 हजार रुपए का मोबाइल था। चोर बैग समेत 28 हजार रुपए का सामान लेकर गया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सुभाष कॉलोनी में मंगलवार देर रात एक युवक ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट मिला है, लेकिन राइटिंग समझ नहीं आने के कारण क्या लिखा है यह कहना मुश्किल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार विनोद विश्वकर्मा पिता हरिनारायण विश्वकर्मा (40) सुभाष कॉलोनी अशोका गार्डन में रहता था और प्राइवेट काम करता था। वह शराब पीने का आदी था। मंगलवार रात उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। मकान मालिक ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देख देर रात पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के कमरे से एक डायरी बरामद की है। जिसमें उसने सुसाइड नोट लिखा है।

### नशे के आदी युवक ने हाथ की नस काटी



**भोपाल।** टीटीनगर थाना क्षेत्र स्थित जीटीबी कांप्लेक्स में एक नशे के आदी युवक ने ब्लेड से हाथ की नस काट ली। सूचना मिलते ही डायल-100 ने उसे जेपी अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। युवक ने यह कदम क्यों उठाया फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो सका है। टीटीनगर थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया ने बताया कि बुधवार को सूचना मिली थी कि जीटीबी काम्पलेक्स के पास एक युवक ने ब्लेड से हाथ की नस काट ली है। उसके हाथ से खून बह रहा है। यह सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। इस पर टीटीनगर थाने की डायल-100 पर सवार स्टाफ एएसआई साबह सिंह और पायलट सूरज अहिरवार घटनास्थल के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पहुंचकर डायल-100 स्टाफ ने बेसुध हालत में युवक को जेपी अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। युवक की पहचान रोशनपुरा निवासी अनीस खान के रूप में हुई है। अनीस कबाड़ का काम करता है। वह नशे का आदी है। उसका इलाज जारी है।

## गांजा तस्कर से सवा छह किलो गांजा किया बरामद



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

क्राइम ब्रांच ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 6.20 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस उससे गांजा के बारे में पूछताछ कर रही है। आरोपी हत्याकांड में बरी होने के बाद गांजा तस्करी कर रहा था।

एडिशनल डीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि एमपी नगर में गायत्री मंदिर के बगल में पुल के पास एक व्यक्ति ट्राली बैग में गांजा लेकर खड़ा हुआ है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पुलिस को उसने अपनी पहचान पिपलानी निवासी 30 वर्षीय महताब सिंह लोधी उर्फ पप्पू के रूप में बताई। ट्राली बैग में टेप से लिपटे 4 पैकेट में गांजा भरा मिला।

महताब सिंह ने बताया कि उसने गांजा ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रक वाले ने दिया था। पुलिस ट्रक की पहचान करने में जुटी है। महताब हत्या, हत्या के प्रयास का आरोपी रह चुका है। उसे बिलखिरिया पुलिस ने हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। कोर्ट से बरी हो गया था।

### मेडिकल भुगतान में गड़बड़ी 3 पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज

पुलिस मुख्यालय की लेखा शाखा में पदस्थ तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया है। तीनों के द्वारा मेडिकल देयको के आहरण में गड़बड़ी की आशंका है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के लेखा शाखा में पदस्थ क्रमशः तीन पुलिसकर्मी सूबेदार, नीरज कुमार, उप निरीक्षक हरिहर सोनी और सहायक उपनिरीक्षक हर्ष वानखेड़े को मेडिकल देयको के आहरण में गड़बड़ी की आशंका होने पर 8 जनवरी 2025 को निलंबित किया गया था। देयकों में कपटपूर्ण भुगतान पर जांच आदेशित की गई थी। बताया जाता है कि पुलिसकर्मी के फर्जी बिल लगाकर भुगतान प्राप्त किया जा रहा था। कई बार ऐसा हो रहा था कि पुलिसकर्मी के खाते में राशि आ रही थी और इसे फर्जीवाडा करने वाले गलती बताकर वापस ले लेते थे। पुलिस मुख्यालय की जांच समिति के द्वारा जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के बाद जांच प्रतिवेदन में तीनों के द्वारा कूट रचित प्रॉलोंग मेडिकल सर्टिफिकेट बनाकर अपने ही खाते में देयकों का भुगतान किया गया।

## क्रेडिट कार्ड से ठगी करने वाले दिल्ली से दबोचे

### साइबर क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, फर्जी कॉल सेंटर से करते थे ठगी, संचालिका की तलाश जारी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

साइबर क्राइम ब्रांच ने दिल्ली में दबिश देकर चार जालसाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपी जालसाज एसबीआई क्रेडिट कार्ड अपग्रेड करने का झांसा देकर धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में तीन युवतियां हैं, जबकि कॉल सेंटर की संचालन करने वाली महिला की तलाश जा रही है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्हें क्रेडिट कार्ड के उपभोक्ताओं का डाटा सेंटर की संचालिका उपलब्ध कराती थी। उसके आधार पर वह लोगों को कॉल कर जाल में फंसाकर ठगी करती थी। आरोपियों ने भोपाल के एक व्यक्ति से 95 हजार रुपए की ठगी की थी।

एडिशनल डीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि भोपाल के रहने वाले व्यक्ति से एसबीआई क्रेडिट कार्ड अपग्रेड करने का झांसा देकर साढ़े 95 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी की गई थी। पुलिस ने जांच कर आरोपियों के बैंक अकाउंट डिटेल निकाले। पता चला कि कॉलिंग दिल्ली से की गई थी। पुलिस उस लोकेशन पर दबिश दी। जिसमें काल सेंटर चलता मिला। पुलिस सेंटर में कालिंग करने वाली तीन युवतियों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भोपाल लेकर आई। उनसे पूछताछ में पता चला कि आरोपी दो साल से फर्जी काल सेंटर से ठगी कर रहे हैं।

पुलिस ने उक्त मामले में राहुल सियोल (39)कोरिया, छत्तीसगढ़, निधि उर्फ पूजा वर्मा (25) पार्क व्यू अपार्टमेंट, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली प्रिया (21) जनकपुरी नई दिल्ली और मेघा (25) कला मंदिर के पास, मंगोलपुरी, नई दिल्ली को गिरफ्तार किया है।

### नहीं मिली नौकरी तो

गिरफ्तार आरोपी राहुल सियोल ने बताया कि वह ग्रेजुएशन के बाद नौकरी की तलाश में दिल्ली गया। उसे फर्जी कॉल सेन्टर में नौकरी मिल गई। वह खुद को एसबीआई के क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेन्ट का कर्मचारी बताकर कॉल करता है। ओटीपी हासिल कर बैंक खाते से रकम हड़प लेता है। निधि उर्फ पूजा वर्मा स्नातक की पड़ाई करने के बाद फर्जी कॉल सेंटर में नौकरी करने लगी थी। कॉल कर कार्ड अपग्रेड कराने के नाम पर सायबर ठगी को अंजाम देती थी। इसी प्रकार प्रिया स्नातक कर रही है और पार्ट टाइम जॉब करने के लिए कॉल सेंटर में नौकरी कर रही थी। आरोपी मेघा स्नातक है और फर्जी कॉल सेंटर ज्वाइन किया था। शुरुआत में उसे कोई जानकारी नहीं थी।

### संचालिका की तलाश

मामले में फर्जी काल सेंटर की संचालिका की पुलिस तलाश में जुटी है। बताया गया कि संचालिका पिछले दो साल से सेंटर चला रही है। वह लड़कियों को 8-10 हजार की नौकरी में रखकर उनसे कालिंग कराती है। ठगी का पैसा उसकी अकाउंट में जाता था। गिरफ्तार आरोपियों से सरगना के ठिकानों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## सट्टा पर्ची काट रही महिला सहित 34 सटोरिए धराए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित मल्टी वाजपेयी नगर में क्राइम ब्रांच ने सटोरियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो महिला समेत 34 सटोरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 25 हजार 7 सौ 50 रुपए की नगदी और सट्टा पर्ची बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ सट्टा एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

क्राइम ब्रांच एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि माया सिंह नाम की महिला बड़े स्तर पर अपने घर एल-वन, जी-13 मल्टी शाहजहांनाबाद में सट्टा बुक कर रही है। वह अंको पर रुपए का दाव लगाकर अवैध रूप से ग्राहकों का सट्टा बुक कर रही है। सूचना मिलते ही हरकत में आई क्राइम ब्रांच की टीम ने मल्टी की घेराबंदी की। इस दौरान मल्टी में दबिश देकर माया सिंह पिता राजेश सिंह (36) मल्टी शाहजहांनाबाद और दुर्गा सिंह पति गोपाल सिंह (36) मल्टी शाहजहांनाबाद को हिरासत में लिया। दोनों महिलाएं सट्टा पर्ची लिखते हुए देखी गई थी। उनसे सट्टा पर्ची मिली, जिसमें महेश कुमार, प्रहलाद सिंह,तरूण कनौजिया, दीपक नीलकंठ, दीपक भरलाए, मुरलीधर, मुकेश बलाई, अनीष, इरफान, मिश्रीलाल, दिल पुकार, चम्पालाल रघुवीर सिंह, बृजेश प्रजापति , समेत 34 लोगों पर प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 25 हजार 7 सौ 50 रुपए की नगदी, पर्चियां सहित अन्य सामान जब्त किया है।

**मेट्रो एंकर** निजी बस में युवती से छेड़छाड़ करने वालों की नहीं हो सकी गिरफ्तारी

# चेतक पर पकड़ा हाथ, शोर मचाने पर भागे आरोपी बेसुराग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



चेतक ब्रिज पर यात्री बस में युवती से छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों का सुराग नहीं लग सका है। पुलिस का कहना है कि बस जब्त कर ली गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग अलग टीम लगाई गई। पुलिस की दलील है कि युवती से जिन्होंने छेड़छाड़ की है वह कंडक्टर नहीं है, बल्कि बस में सफर करने वाले जेबकतरे हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद पुलिस अब एक बार फिर बस ड्राइवर और कंडक्टरों का वेरिफिकेशन करने का मन बना रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस आईएसबीटी पर ड्राइवर और कंडक्टरों को बुलाकर उनका वेरिफिकेशन कराएगी। उल्लेखनीय है कि 20 साल की युवती मीडियाकर्मी है। मंगलवार को वह चिनार फॉर्च्युन में संचालित दफ्तर से घर जाने के लिए निकली थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि चेतक ब्रिज पर बस से उतरते समय कंडक्टर ने उनका हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ की। उसने फब्तियां भी कसी थी। मीडियाकर्मी ने उसका विरोध किया तो वह भड़क गया और उसने मीडियाकर्मी के साथ मारपीट शुरू कर दी। सरेराह युवती से मारपीट होती देख कुछ महिला यात्री उनके बचाव में आगे बढ़ी तो आरोपियों ने उन पर चाकू से हमला किया था। चाकू लगने से उनके हाथों में चोट आई है।

### बस छोड़कर भाग गए कंडक्टर और ड्राइवर

वारदात को अंजाम देने के बाद बस ड्राइवर और कंडक्टर मौके से भाग निकले थे। पुलिस ने बस जब्त कर ली। पुलिस का कहना है कि जानकारी जुटाने पर पता चला कि छेड़छाड़ करने वाला कंडक्टर नहीं है, बल्कि वह जेब कतरा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि कंडक्टर और ड्राइवर की तलाश की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा कि वारदात किसने की है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद युवती खुद ही आरोपी की पहचान कर लेगी।

### पशु आहार सप्लायर को वेंडर ने लगाया डेढ़ लाख का चूना

**भोपाल।** पशु आहार का दाना बेचने वाले वेंडर ने पशु आहार सप्लायर को एक लाख 40 हजार रुपए का चूना लगा दिया। आरोपी ने अप्रैल 2022 में पशु आहार का दाना डिलीवर करने के लिए रकम ली थी लेकिन पैसा लेने के बाद भी डिलीवर नहीं किया। ईटखेड़ी पुलिस ने अमानत में खयानत की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गोया मोहल्ला ईटखेड़ी में रहने वाले इस्माइल खान (42) पशु आहार सप्लाई करते हैं। वह वेंडर पंकज सिंह चंदेल से पशु आहार का दाना काम दाम में खरीदकर सप्लाई करते थे। अप्रैल 2022 में इस्माइल ने पंकज सिंह को एक लाख 40 हजार रुपए पशु आहार दाना खरीदने के लिए दिए थे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक राजेश सिरोठिया द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रसलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे* आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) फोन : 0755-4917524, 2972022